संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

दैनिक घटती घटना

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक-331 बुधवार,04 अक्टूबर 2023, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# न्यूजक्लिक वेबसाइट के दफ्तरों पर पुलिस की रेड

## वेबसाइट से जुड़ी 30 से ज्यादा लोकेशन्स पर दिल्ली पुलिस का छापा

### नोएडा-गाजियाबाद समेत 30 जगहों पर तलाशी

**नईदिल्ली,03 अक्टूबर 2023(ए)।** दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को न्यूजक्लिक से जुड़े पत्रकार उर्मिलेश, औनिंद्यो चक्रवर्ती और अभिसार शर्मा समेत 7 पत्रकारों के घर पर रेड डाली। इनमें से कई पत्रकारों ने ट्वीट कर बताया है कि पुलिस ने उनके घरों में रेड डाली है और उनके मोबाइल फोन और लैपटॉप जब्त कर लिए हैं।

जिन पत्रकारों के यहां रेड चल रही है, उनमें प्रमुख रूप से प्रबीर पुरकायस्थ, संजय राजौरा, उर्मिलेश, भाषा सिंह, औनिंद्यो चक्रवर्ती, अभिसार शर्मा और सोहेल हाशमी हैं। कहा जा रहा है कि ये सभी न्यूज वेबसाइट न्यूजक्लिक से जुड़े हुए हैं। अभिसार शर्मा नोएडा और उर्मिलेश गाजियाबाद में रहते हैं। दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने न्यूज एजेंसी को बताया कि पुलिस ने कथित तौर पर वेबसाइट से जुड़ी 30 से ज्यादा लोकेशन्स पर छापा मारा है। पुलिस ने कहा- न्यूजक्लिक से जुड़े अलग-अलग ठिकानों पर रेड की जा रही हैं। अभी तक इस मामले में किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। इस मामले में आगे की जांच अभी जारी है।



इससे पहले, 22 अगस्त को दिल्ली हाईकोर्ट ने न्यूजक्लिक के एडिटर इन चीफ प्रबीर पुरकायस्थ को नोटिस दिया था। यह नोटिस दिल्ली पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंसेस विंग की याचिका पर दिया गया था। पुलिस ने याचिका में कोर्ट के अंतरिम आदेश को वापस लेने की अपील की थी, जिसमें न्यूज साइट के खिलाफ सख्त एक्शन लेने पर रोक लगाई गई थी।

न्यूज़क्लिक के खिलाफ यूएपीए के सेक्शन(16)-आतंकवादी अधिनियम, सेक्शन (17)- आतंकवादी गतिविधियों के लिए धन जुटाना, सेक्शन (18)- साजिश रचना, सेक्शन 22(सी)-कंपनियों द्वारा अपराध के तहत मामला दर्ज किया गया है. दरअसल, प्रवर्तन निदेशालय ने पहले फंडिंग के स्रोतों की जांच करते हुए फर्म के परिसरों पर छापेमारी की थी. इसके बाद केंद्रीय एजेंसी द्वारा दिए गए इनपुट के आधार पर स्पेशल सेल ने नया मामला दर्ज किया था। ये छापेमारी इसी केस में की गई है. तब यह मामला यूएपीए आईपीसी की धारा 153ए (दो समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) और आईपीसी की धारा 120बी (आपराधिक साजिश) के तहत दर्ज किया गया।

पत्रकार उर्मिलेश और सत्यम तिवारी को हिरासत में लिया गया है। इसके अलावा पत्रकार अभिसार शर्मा औरन्यूज़क्लिक के संस्थापक और प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ को स्पेशल सेल के दफ्तर लाया गया है। इसके अलावा तमाम पत्रकारों के फोन और लैपटॉप भी जब्त कर लिए हैं.। स्पेशल सेल ने कुछ दस्तावेज भी जब्त किए हैं। इसके अलावा मुंबई में तीस्ता सीतलवाड़ के घर पर भी छापेमारी हुई है। हिरासत में लिए जाने से पहले अभिसार शर्मा ने ट्वीट किया, दिल्ली पुलिस उनके घर पर पहुंच गई है और उनका लैपटॉप और मोबाइल जब्त कर लिया है। वहीं, एक और पत्रकार भाषा सिंह ने लिखा, मेरे फोन से ये आखिरी ट्वीट. दिल्ली पुलिस ने मेरा फोन जब्त कर लिया है। 6 कैनिंग लेन में स्थित सीपीएम दफ्तर पर भी छापेमारी की गई है। दरअसल, सीपीएम दफ्तर में काम करने वाले श्रीनारायण के बेटे सुमित कुमार न्यूज क्लिक के दफ्तर में ग्राफिक्स और वीडियो टीम में काम करते हैं. सीपीएम दफ्तर में उन्हीं के कमरे में रेड हुई. सुमित कुमार का मोबाइल और लैपटॉप पुलिस ने जब्त कर लिया है। न्यूज़क्लिक पर हाल ही में भारत में चीनी प्रोपेगेंडा फैलाने के लिए अमेरिकी करोड़पति नेविल रॉय सिंघम से कथित तौर पर फंडिंग मिलने के आरोप लगे थे. केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा था कि द न्यूयॉर्क टाइम्स जैसे अखबार भी स्वीकार कर रहे हैं कि नेविल रॉय सिंघम और उनका न्यूज़क्लिक चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) के खतरनाक हथियार हैं और दुनिया भर में चीन के राजनीतिक एजेंडे को बढ़ावा दे रहे हैं।

### पत्रकारों के 100 से ज्यादा ठिकानों पर छापा

दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल के अधिकारियों ने दिल्ली में न्यूज़क्लिक के कार्यालय को सील किया. दिल्ली पुलिस यूएपीए और अन्य धाराओं के तहत न्यूज़क्लिक से जुड़े विभिन्न परिसरों पर छापेमारी कर रही है. 500 जवान शामिल दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मंगलवार को ऑनलाइन पोर्टल न्यूज़क्लिक के दफ्तर और उसमें काम करने वाले पत्रकारों के घरों पर छापे मारे. ये छापेमारी दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और मुंबई में करीब 100 ठिकानों पर चल रही है. दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के करीब 500 पुलिसकर्मी रेड में शामिल हैं. इसके अलावा कुछ पत्रकारों को भी हिरासत में लिया गया है. न्यूज़क्लिक के खिलाफ ये कार्रवाई 17 अगस्त को दर्ज यूएपीए के तहत की गई है।

### टीएस सिंहदेव ने दिल्ली में पत्रकारों के यहां पी रेड को बताया निंदनीय

टीएस सिंहदेव ने दिल्ली में पत्रकारों के यहां पड़ी रेड को निंदनीय बताते कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एक स्वस्थ लोकतंत्र की आधारशिला है, और इस तरह की कार्रवाइयां हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों के सार को कमजोर करती हैं। ऐसे व्यक्तियों को निशाना बनाना जो अपनी राय व्यक्त करने का साहस करते हैं, पारदर्शिता और जवाबदेही के सिद्धांतों के विरुद्ध है जो किसी भी लोकतांत्रिक देश के लिए महत्वपूर्ण हैं। अफसोस की बात है कि सवालों और आलोचनाओं को दबाने और प्रमुख मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए सत्ता का दुरुपयोग भाजपा सरकार का ट्रेडमार्क बन गया है।



बता दें कि आज दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने राजधानी दिल्ली और उससे सटे एनसीआर में न्यूज क्लिक वेबसाइट के पत्रकारों के ठिकानों पर रेड डाली है. यह कार्रवाई फॉरेन फंडिंग के मामले में यूएपीए के तहत की जा रही है. स्पेशल सेल ने मंगलवार को सुबह-सुबह एक साथ दिल्ली, नोएडा और गजियाबाद में रेड डाली है. बताया जा रहा है कि छापामार कार्रवाई 100 से ज्यादा ठिकानों पर एक साथ चल रही है. इस दौरान कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया गया है, जिन्हें स्पेशल सेल लाया गया है. रिपोर्ट के मुताबिक पत्रकार उर्मिलेश और सत्यम तिवारी को हिरासत में लिया गया है.।

## दिल्ली समेत चार राज्यों में भूकंप के झटके

» भूकंप की तीव्रता 4.6 मापी गई, नेपाल था केंद्र

» वहां दो बार भूकंप आया,पहला 4.6 और दूसरा 6.2 तीव्रता का




**नईदिल्ली,03 अक्टूबर 2023(ए)।** मंगलवार दोपहर 2.53 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। दिल्ली-एनसीआर उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान समेत मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में भी इसका असर महसूस किया गया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.6 रही। इसका केंद्र नेपाल के बझांग जिले में था। ख़बरों के मुताबिक नेपाल में दो बार भूकंप आया। पहला 2.25 बजे, जिसकी तीव्रता 4.6 थी। दूसरा झटका 2.53 बजे आया जिसकी तीव्रता 6.2 रहीं। उत्तर प्रदेश में भी झटके महसूस किए गए। इसकी तीव्रता 5.5 मापी गई।राजस्थान के जयपुर, अलवर में करीब 6 से 7 सेकेंड में तीन-चार झटके महसूस किए गए। यूपी के लखनऊ, कानपुर, आगरा, नोएडा, मेरठ, मुरादाबाद, गाजियाबाद, अयोध्या, अलीगढ़, हापुड़, अमरोहा में भूकंप के झटके महसूस किए गए। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में भी झटके आए। दिल्ली में भूकंप के झटके आते ही लोग दफ्तरों से बाहर आ गए। भूकंप का केंद्र नेपाल में था, वहां दोपहर 2.25 बजे झटके महसूस किए गए। उत्तराखंड के खटीमा में भूकंप के कारण घरों के सीलिंग फैन भी हिलने लगे थे।


बताते हैं कि दिल्ली में जिस समय भूकंप आया, तब केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया निर्माण भवन में थे। झटके महसूस होते ही वह अपने स्टाफ के साथ बाहर निकल आए। बझांग नेपाल की राजधानी काठमांडू से 882 किलोमीटर दूर है। यहां भूकंप से हुए नुकसान का ज्यादा असर देखा गया है।

# तेलंगाना की धरती पर गरजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

## एनडीए में शामिल होना चाहते थे केसी राव,मैंने किया इनकार,मोदी ने साधा निशाना

**तेलंगाना ,03 अक्टूबर 2023(ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को एक बार फिर तेलंगाना की धरती पर गरजे। निज़ामाबाद के गिरिराज कॉलेज मैदान में पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित किया। जिसे बीजेपी ने इंदुरु जन गर्जना सभा नाम दिया। यहां पीएम मोदी ने बीआरएस नेता और तेलंगाना के सीएम केसी राव पर निशाना साधा।





पीएम मोदी ने कहा कि बीआरएस और कांग्रेस की मिलीभगत चल रही है। बैक डोर एंट्री का खेल चल रहा है। इसके लिए वें राज्य की अन्य कमजोर पार्टियों को अपना सहारा बना रहे हैं।

पीएम ने आगे यह भी कहा कि आज जब बीआरएस की हार तेलंगाना में तय है, बीआरएस का पराजय तय है, बीआरएस का जाना तय है, तो कांग्रेस ने पर्दे के पीछे बीआरएस से गठबंधन कर लिया है। कर्नाटक चुनाव में बीआरएस ने कांग्रेस की जमकर मदद की थी। अब अगले चुनाव में कांग्रेस अपना कर्ज उतार रही है। क्योंकि तेलंगाना की जनता से लूटा गया माल, कर्नाटक में कांग्रेस को दे दिया गया। जिससे कर्नाटक में कांग्रेस जीत जाए। यह बीआरएस खेल करती है।

### पीएम मोदी ने बीआरएसपर साधा निशाना

पीएम ने कहा कि मैं आज एक रहस्य का खुलासा करने जा रहा हूं। मैंने कभी नहीं बताया, आज उजागर कर रहा हूं। शत-प्रतिशत सच्चाई बताऊंगा। पीएम मोदी ने कहा कि जब बीजेपी ने हैदराबाद नगर निगम चुनाव में 48 सीटें जीतीं, तो केसीआर को समर्थन की जरूरत थी। इस चुनाव से पहले वह एयरपोर्ट पर मेरा स्वागत करते थे। बढिया-बढिया माला पहनाते थे, सम्मान करते थे, लेकिन अचानक बंद हो गया। अचानक उनका गुस्सा निकलने लगा। इसके पीछे अहम वजह है।

पीएम मोदी ने वजह बताते हुए आगे कहा कि हैदराबाद नगर निगम चुनाव के बाद केसीआर मुझसे मिलने दिल्ली आए। मुझे बढिया शॉल पहनाई, आदर किया और इतना प्यार दिखाया, जो उनके कैरेक्टर में ही नहीं है। इसके बाद मुझसे एनडीए में शामिल होने की बात कही। उन्होंने मुझसे उन्हें समर्थन देने के लिए भी कहा। मैंने उनसे (केसीआर) कहा कि उनके कार्यों के कारण मोदी उनके साथ नहीं जुड़ सकते। जिसके बाद सारा आदर खत्म हो गया।

### लोग तय करते हैं कि सत्ता में कौन होना चाहिए?

मोदी ने कहा कि जनता तय करेगी कि तेलंगाना में सत्ता में कौन होगा। बीजेपी को वादे निभाने की आदत है। उन्होंने कहा कि यह राजतंत्र नहीं, लोकतंत्र है। तेलंगाना के लोगों, पांच साल के लिए मुझ पर भरोसा करें। मोदी ने कहा कि मैं आपको तेलंगाना में हो रहे भ्रष्टाचार के बारे में बताऊंगा। साथ ही कांग्रेस के वादों पर विश्वास न करें।

# भारत ने ट्रूडो सरकार से 40 राजनयिकों को देश छोड़ने को कहा

**नईदिल्ली,03 अक्टूबर 2023(ए)।** भारत कनाडा के बीच जारी राजनयिक विवाद के बीच भारत सरकार ने कनाडा की सरकार से कहा है कि वह अपने 40 से ज्यादा राजनयिकों को वापस बुलाए। मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है। कनाडा के भारत में अभी 62 राजनयिक काम कर रहे हैं। भारत ने अब कनाडा से उसके 41 राजनयिकों को वापस बुलाने को कहा है।



भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा था कि भारत में कनाडा के राजनयिक स्टाफ, भारत के कनाडा में मौजूद राजनयिक स्टाफ से बड़ा है और इसमें समानता होनी चाहिए। बता दें कि भारत और कनाडा के आपसी रिश्ते इन दिनों सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं।

दरअसल बीती जून में कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में एक गुरुद्वारे के बाहर खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या कर दी गई थी। कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने इसका आरोप भारतीय एजेंट्स पर लगाया था और वहां की संसद में खड़े होकर कहा था कि उनकी खुफिया एजेंसियों को ऐसी सूचनाएं मिली हैं कि इस हत्या में भारत शामिल हो सकता है। कनाडा ने भारत के एक राजनयिक को निष्कासित किया तो भारत ने भी जवाब में कनाडा के एक राजनयिक को निष्कासित कर दिया।

इधर अमेरिका दौर में गए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत ने कई बार कनाडा सरकार से खालिस्तान आतंकियों पर कार्रवाई करने की मांग की लेकिन कनाडा की सरकार ने इस पर ध्यान नहीं दिया।

### बिहार जातीय जनगणना पर सुप्रीम कोर्ट की राय


# अभी हम कुछ नहीं कहेंगे,अब अगली सुनवाई 6 अक्टूबर को

**नईदिल्ली,03 अक्टूबर 2023(ए)।** बिहार की जातीय जनगणना के आंकड़े जारी करने का मुद्दा सुप्रीम कोर्ट में उठा बिहार जाति जनगणना के आंकड़े जारी करने वाला पहला राज्य बन गया है। हालाँकि, बिहार की जाति जनगणना के आंकड़े जारी करने का मुद्दा सुप्रीम कोर्ट में उठाया गया था। राज्य सरकार द्वारा ये आंकड़े जारी करने के बाद याचिकाकर्ता ने आज सुप्रीम कोर्ट में यह मुद्दा उठाया।याचिकाकर्ता के वकील ने कहा, इस समय बिहार सरकार ने जाति जनगणना के आंकड़े सार्वजनिक कर दिये हैं। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हम फिलहाल इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। मामले की सुनवाई 6 अक्टूबर को तय की गई है, उसी समय हम इस पर सुनवाई करेंगे।



## सुप्रीम कोर्ट का राम सेतु के आसपास दीवार बनाने की मांग वाली याचिका पर विचार से इनकार

**नईदिल्ली,03 अक्टूबर 2023(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उस जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें केंद्र को राम सेतु के आसपास दीवार बनाने और इसे राष्ट्रीय विरासत स्मारक के रूप में घोषणा करने का निर्देश देने की मांग की गई थी।



न्यायमूर्ति एसके कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने कहा कि ये सरकार के लिए प्रशासनिक मामले हैं और अदालतों को इनमें हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।

पीठ ने आदेश दिया, हम संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत अपने अधिकार क्षेत्र का इस्तेमाल करते हुए याचिकाकर्ता द्वारा चाहा गया कोई भी निर्देश देने के इच्छुक नहीं हैं।इसके अलावा, इसने सरकार को याचिका को एक प्रतिनिधित्व के रूप में मानने का निर्देश नहीं दिया। शीर्ष अदालत ने व्यक्तिगत रूप से याचिकाकर्ता से कहा, इसे सरकार को दें, हम आपको रोक नहीं रहे हैं। हिंदू पर्सनल लॉ बोर्ड द्वारा अपने अध्यक्ष अशोक पांडे के माध्यम से दायर जनहित याचिका में दावा किया गया कि केंद्र सरकार राम सेतु के प्रबंधन के लिए आवश्यक कदम उठाने में विफल रही है।

# सुप्रीम कोर्ट ने रियल्टी फर्म एम3एम के दो निदेशकों की जमानत अर्जी की मंजूर

**नईदिल्ली,03 अक्टूबर 2023(ए)।** उच्चतम न्यायालय ने धनशोधन मामले में गुरुग्राम स्थित रियल्टी समूह 'एम3एम' के निदेशकों बसंत बंसल और पंकज बंसल की जमानत याचिका मंगलवार को मंजूर कर ली।




न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने वकीलों की दलीलें सुनने के बाद 11 सितंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। पीठ ने रियल्टी फर्म के निदेशकों को जमानत दे दी। निदेशकों ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के 20 जुलाई के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था। उच्च न्यायालय ने उनकी जमानत याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि यह मामला काफी गंभीर प्रकृति का है। धनशोधन के जिस मामले में बसंत और पंकज बंसल को गिरफ्तार किया गया है, वह अप्रैल में हरियाणा पुलिस के भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो (एसीबी) द्वारा प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के मामलों के पूर्व विशेष न्यायाधीश सुधीर परमार, उनके भतीजे और एम3एम ग्रुप के एक अन्य निदेशक रूप कुमार बंसल के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी से संबंधित है। मामला उस वक्त का है, जब परमार पंचकूला में पदस्थापित थे।

प्राथमिकी के अनुसार, ईडी को विश्वसनीय जानकारी मिली थी कि परमार आरोपी रूप कुमार बंसल, उनके भाई बसंत बंसल और रियल एस्टेट फर्म आईआरईओ के मालिक ललित गोयल के खिलाफ अपनी अदालत में लंबित ईडी और सीबीआई के मामलों में उनकी (आरोपियों की) ''तरफदारी'' कर रहे थे।परमार को एसीबी का मामला दर्ज होने के बाद पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने निलंबित कर दिया था। ईडी ने कहा है कि उसने गिरफ्तारी से पहले प्राथमिकी में लगाए गए आरोपों के संबंध में ''बैंक स्टेटमेंट और धन के लेन-देन जैसे आपत्तिजनक साक्ष्य'' एकत्र किए हैं।

# वायुसेना का हिस्सा नहीं रहेंगे एमआईजी 2


**नईदिल्ली,03 अक्टूबर 2023(ए)।** मिग 2 लड़ाकू विमान अब भारतीय वायुसेना का हिस्सा नहीं रहेंगे। इन विमानों का स्थान एलसीए तेजस विमान लेंगे। उक्त जानकारी भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी के माध्यम से सामने आई है। उन्होंने कहा कि एक या दो महीने में, पहले एक मिग-2 स्काड्रन का संचालन शुरू होगा और उसके बाद आखिरी स्काड्रन को लॉन्च किया जाएगा। भारतीय वायु सेना के विमानों ने कई लंबी दूरी के कई मिशन को अंजाम दिया है, जिसमें राफेल और अन्य विमान शामिल हैं, खासतौर पर राफेल और अन्य विमानों ने दूर-दराज के इलाकों में उड़ान भरकर मिशन को सफल बनाया है। एक सवाल का जवाब देते हुए, एयर चीफ मार्शल चौधरी ने कहा कि भारतीय वायुसेना को रूस से एस-400 मिसाइल सिस्टम की तीन इकाइयां मिलीं और उसे अगले साल तक शेष दो प्राप्त होने की उम्मीद है। भारतीय वायुसेना प्रमुख ने कहा कि अनिश्चित भू-राजनीतिक स्थिति ने एक मजबूत सेना की आवश्यकता को मजबूत किया है, उन्होंने कहा कि भारतीय वायुसेना क्षेत्र में भारत की सैन्य ताकत को प्रदर्शित करने का आधार बनी रहेगी।



# अमित अग्रवाल की प्रतिनियुक्ति को मिला एक साल का एक्सटेंशन



**नईदिल्ली,03 अक्टूबर 2023 (ए)।** कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने यूनिक आईडेंटि फिकेशन ऑफ इंडियाके सीईओ के रूप में छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस अमित अग्रवाल के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति कार्यकाल को 2 नवंबर 2023 से एक वर्ष के लिए बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। यानी 2 नवंबर 2024 तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, अग्रवाल (यूआईडीएआई) के सीईओ रहेंगे। अग्रवाल 1993 बैच के छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस अधिकारी हैं।इसी तरह एसीसी ने कानून मंत्रालय के विधायी विभाग में सचिव रीता वशिष्ठ को 2 अक्टूबर 2023 से उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख तक यानी 31 जुलाई 2025 या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, भारत सरकार के सचिव के पद और वेतन में अस्थायी रूप से अपग्रेड कर कानून मंत्रालय के केंद्रीय एजेंसी अनुभाग के प्रभारी के रूप में नियुक्ति को भी मंजूरी दे दी।



## संपादकीय

### सभी पार्टियां अपना दम लगाने के लिए तैयार हैं

राजनीतिक परिदृश्य धीरे-धीरे साफ हो रहा है। बीजेपी को दक्षिण की यात्रा में ज्यादा दिलचस्पी नहीं है. वह 2024 के लोकसभा चुनावों में सत्ता में वापस आने के लिए सबसे ज्यादा ध्यान उत्तरी राज्यों पर केंद्रित कर रही है, जो सबसे ज्यादा मायने रखते हैं। बीजेपी को एहसास हो गया है कि राजस्थान और मध्य प्रदेश में यह आसान नहीं होने वाला है. ये दोनों राज्य बीजेपी के लिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि इनमें कुल मिलाकर क्रमशः 430 विधानसभा सीटें और 35 और 29 लोकसभा सीटें हैं।

हाल तक ऐसा लग रहा था कि राजस्थान में बीजेपी को आसानी होगी. मेवाड़ और कई अन्य क्षेत्रों में लोग खुलेआम कह रहे थे कि कांग्रेस के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अच्छे आदमी हैं, लेकिन पार्टी हार जाएगी। वे नारा दे रहे थे ÷अब की बार बीजेपी सरकार।÷ ऐसा महसूस किया गया था कि सचिन पायलट और गहलोत के बीच दरार पार्टी को खत्म कर देगी। यहां तक कि कुछ सर्वेक्षणों से संकेत मिला कि कांग्रेस हारेगी और भाजपा भारी बहुमत से जीतेगी। वह अप्रैल और जुलाई के बीच का समय था। लेकिन अब शीतकालीन राजनीतिक उत्सव शुरू होने के साथ ही स्थिति में बदलाव होता दिख रहा है. कांग्रेस पार्टी द्वारा हाल ही में उठाए गए कदमों और सचिन पायलट और अशोक गहलोत के बीच सुलह से पार्टी को काफी अच्छी स्थिति हासिल करने में मदद मिली है और ऐसा प्रतीत होता है कि सत्ता विरोधी लहर के बावजूद यह कांटे की टक्कर होगी। बीजेपी ने इस बार भी वसुंधरा राजे सिंधिया को किनारे कर दिया है. इससे भी बीजेपी को कुछ हद तक नुकसान हुआ है. लेकिन भगवा पार्टी को भरोसा है कि वे सत्ता में आएंगे। चंबल क्षेत्र के सर्वेक्षणों से संकेत मिलता है कि भाजपा को ड्राइवर की सीट पर वापस आने के लिए बहुत प्रयास करने होंगे।

इसी तरह, तेलुगु राज्यों में भी भाजपा ने अपने कृत्यों से अपने सभी नेताओं और अनुयायियों को भ्रम की स्थिति में धकेल दिया है। तेलंगाना में, इसने अपनी छवि खो दी क्योंकि इसने कर्नाटक चुनाव नतीजों के तुरंत बाद बीआरएस के लिए एक वास्तविक विकल्प उभरने की उम्मीद छोड़ दी थी, जिससे कांग्रेस को एक नया जीवन मिला, जो तब तक निष्क्रिय थी। चारों ओर एक मजबूत धारणा बन गई है कि भाजपा और बीआरएस एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। दूसरी ओर, कांग्रेस आगे बढ़ गई है और अब सत्तारूढ़ पार्टी की नींद उड़ा दी है।

आंध्र प्रदेश में, हालांकि बीजेपी और जन सेना आधिकारिक तौर पर गठबंधन में हैं, लेकिन टीडीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को न्यायिक हिरासत में भेजने और बीजेपी की चुप्पी जैसी अचानक घटनाओं ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं और लोग अब दृढ़ता से मानते हैं कि बीजेपी के मन में अभी भी वाईएसआरसीपी के प्रति नरम रुख है। . पवन कल्याण ने यह महसूस करते हुए कि अगर उन्होंने जल्दी कार्रवाई नहीं की, तो उनकी पार्टी को फिर से विधानसभा से बाहर रहना पड़ सकता है, उन्होंने संयुक्त रूप से चुनाव लड़ने के लिए टीडीपी के साथ गठबंधन की घोषणा की है। इससे दोनों पार्टियों में कैडर को बढ़ावा मिला है. पवन ने यह भी स्पष्ट किया कि वह चुनाव के दौरान भाजपा के साथ रह सकते थे, लेकिन इससे उनकी चुनावी संभावनाएं प्रभावित होंगी। इसलिए, गठबंधन पर टीडीपी के साथ उनकी स्पष्ट समझ बन गई है और उन्होंने राज्य को कैसे पटरी पर लाया जाए, इसकी व्यापक रूपरेखा पर भी काम किया है। दोनों स्पष्ट हैं कि आंध्र प्रदेश को एक प्रगतिशील राज्य बनाने के लिए उन्हें 10 साल तक मिलकर काम करने की जरूरत है। किसमें कितना दम है, अगले कुछ महीने तय करेंगे

# ‘इंडिया’ के नेता न समझें हैं,न समझेंगे!

गौर करें राहुल गांधी पर। इन दिनों क्या कर रहे है? रेलवे स्टेशन जा कर कुलियों के बीच बैठ, सिर पर सामान की पोटली उठा भरोसा दिला रहे है कि वे रेलवे को नहीं बिकने देंगे! फर्नीचर मार्केट में जाकर आरी और रंदा चला रहे हैं। समझ नहीं आता कि खड़गे, राहुल-प्रियंका व ‘इंडिया’ के नीतीश कुमार, अखिलेश, केजरीवाल आदि इन सबके कौन हैं सलाहकार। इतना भी नहीं देख-बूझ रहे हैं कि नरेंद्र मोदी के नैरेटिव, प्रोपेगेंडा, झूठ के पैमाने चंद्रलोक, सूर्यलोक, विश्वगुरूता के हैं वही राहुल, नीतीश, केजरीवाल छोटी-छोटी बातों, रेवड़ियों के वादों, झूठ के सामान्य प्रोपेगेंडा से मोदी को हराने के सपने देख रहे हैं।

सुना था कि विपक्ष की बैठक में कांग्रेस और केजरीवाल की मीडिया-सोशल मीडिया टीम में कोऑर्डिनेशन और साझा रणनीति का फैसला हुआ था। पर ऐसा होता तो पिछड़ों के आरक्षण, जाति जनगणना में आरक्षण, कुलियों व रेल यात्रियों के बीच फोटोशूट जैसी बातें, जैसे झांसे, छोटे-छोटे झूठ और वादे क्या राहुल गांधी, नीतीश, केजरीवाल करते?

तुलना करें नरेंद्र मोदी के विश्व नेताओं के संग के फोटोशूट बनाम राहुल गांधी के कुलियों के संग फोटो पर? सपने देखने वाली, मुंगेरीलाल हिंदू लोगों में मोदी के फोटो सुपर हिट हुए होंगे या राहुल गांधी के? नीतीश कुमार के गुरू रहे दिवंगत शरद यादव मंडलवादी नेता थे। मेरी बड़ी अभिन्नता थी। सन् 85-86 की बात रही होगी, मैंने गपशप में उनके फिरोजशाह रोड के सरकारी मकान पर लिखा। चरण सिंह-देवीलाल के संग समाजवादी राजनीति करने वाले शरद यादव ने अपने मकान में चार-छह एसी लगवा रखे हैं, यह मेरे लिए उस वक्त न पचने वाली बात थी तो मैंने गपशप में शरद यादव को लपेटा। उन्होंने मेरे रिपोर्टर के जरिए मेरे से बात की और मुझे हिंदुओं की राजनीति का बड़ा सूत्र समझाया- आपके लिखने से तो मेरी वाह हो गई। जरा भारत के लोगों को समझें। हम गुलाम रहे हैं। हम लोग हाकिम की पूजा करते हैं। वह जितने वैभव में, तामझाम में रहेगा उतना ही जनता में उसका रूतबा बढ़ेगा। हाथी की सवारी होनी चाहिए, नौकर-चाकर हो, ठाठ-बाट के किस्से बनें। नेता बड़ी बातें करता हुआ, शान वाला हो। पता है नेहरू के किस्से चलते थे कि उनके कपड़े पेरिस से धुल कर आते हैं और वे दुनिया को जानने वाले अकेले नेता हैं। ब्रितानियों के साथ उठते-बैठते हैं। तभी नेहरूओं का आनंद भवन उत्तर भारत के लोगों में किवदंती बना। नेहरू ने जो कहा उसे लोगों ने माना।

और सचमुच मैं खुद लगातार गवाह हूं कि विदेशी हुकूमतों की गुलामी से बने हम हिंदुओं के मनोविज्ञान में नेता हमेशा वह हिट हुआ है, जिसने अपने साथ किवदंती (स्वाभाविक तौर पर महाझूठी) बनाई। नरेंद्र मोदी को ले कर किवदंती, याकि लोगों की धारणा झूठों के महाप्रोपेगेंडा से भरी वह दंतकथा है, जिसमें वे हिंदुओं में पृथ्वीराज की इमेज में हैं तो मगरमच्छ को मारने वाले, फिर कल्कि अवतार होने से लेकर चायवाले, चौकीदार, शेर, विश्वगुरू आदि के असंख्य ऐसे छापे हैं, जिनकी असलियत जानते हुए भी विपक्ष के नेता न उनके महाझूठों को काटने वाला नैरेटिव बना सकते है और उनसे मुकाबले के लिए अपनी



बड़ी किवदंती बना पाते हैं। अरविंद केजरीवाल ने आम आदमी होने की छोटी सी किवदंती बनाई थी लेकिन वह अब पंक्चर है। बावजूद इसके मेरा मानना है कि झूठ को महाझूठ, वैश्विक पैमाने का बनाने में विपक्ष समर्थवान केवल केजरीवाल हैं। इसी को समझते हुए नरेंद्र मोदी ने मई 2024 के चुनावी कैलेंडर से ठीक दो-तीन महीने पहले सीबीआई से जेल में रखने का बंदोबस्त कर डाला है। ताकि ‘इंडिया’ का नैरेटिव बन ही न पाए। तय मानें कि मनीष सिसोदिया की तरह छह महीने भी केजरीवाल जेल में बंद रहे तो उनकी जगह दिल्ली को संभालते हुए भी आतिशी या राघव चड्ढा वह कुछ नहीं कर पाएंगे जो केजरीवाल बाहर रह कर मोदी को ललकारते हुए करते। विपक्ष की बुलंद आवाज बनते।

सो, जगतगुरू, विश्वबाहुबली, पाकिस्तान-चीन-कनाडा सबको ठोक हिंदुओं का गौरव बढ़ाने की तमाम असत्यताओं के सुपरस्टार नरेंद्र मोदी से मुकाबले में विपक्ष की पहली जरूरत यह है कि वे लोगों को मोदी से भी बड़े सपने दिखाएं। वे पांच वर्षों में भारत भूमि पर स्वर्ग उतारने की घोषणाएं करें। वह ऐसे जोर से ढोल बजाएं कि लोग जादूगर मोदी के जादू को देखते-देखते यह सुन कर पाला बदल लें कि इधर आओ और लो हमसे सोने की ईट। हां, राहुल-केजरीवाल व ‘इंडिया’ बाकायदा लिखित वादा करें कि हमें जिताओ तो हम सत्ता में आते ही अंबानी-अडानी की संपत्तियों का राष्ट्रीयकरण करेंगे। उनकी नीलामी से जो पैसा आएगा वह इतना होगा कि हर बीपीएल परिवार को छह महीने में हम सोने की ईट देंगे। कोई माने या न माने राहुल-केजरीवाल दोनों की पुरानी जिद्दी इमेज में इस वादे को लोग खरा मानेंगे। केजरीवाल को यह भी ऐलान करना चाहिए कि मैं हनुमानजी का परम भक्त। इसलिए मोदीजी तो आडवाणी के आंदोलन में अयोध्या में राम मंदिर का झूठा श्रेय ले रहे हैं। जबकि मेरा संकल्प है कि मैं चंद्रमा पर पवनपुत्र हनुमानजी का मंदिर बनवाऊंगा। मैं आईआईटी से पढ़ा हुआ है। मैंने वैज्ञानिकों के साथ बैठ कर प्लान बना लिया है ‘इंडिया’ गठबंधन का चंद्रयान मिशन होगा हनुमानजी की मूर्ति को चंद्रमा पर ले जा कर वहां उसकी स्थापना का। ‘इंडिया’ सरकार के अंतरिक्ष अभियान में पहला लक्ष्य अब यह होगा कि हिंदुओं के सभी प्रमुख भगवानों की मूर्तियों को पहले सौर्य मंडल के हर ग्रह में स्थापित किया जाए ताकि अंतरिक्ष में हिंदुओं का पहले डंका बजे ज.आदि, आदि।

हां, कल्पना के घोड़े दौड़ाते जाएं तो वायदों, घोषणाओं, रेवड़ियों का विपक्षी नेता ऐसा भूचाल बना दें सकते है कि नरेंद्र मोदी जहां सन् 2050 में भारत के विकसित देश बनने का झूठ बोलते हुए होंगे वही ‘इंडिया’ अपने घोषणापत्र में पांच वर्षों में गुजरात के दस खरबपतियों की संपत्ति के राष्ट्रीयकरण से बीपीएल कार्डधारी परिवारों को सोने की ईट बांटने, निम्नमध्यवर्गीय परिवारों के लड़के-लड़कियों को विदेश में नौकरी की गारंटी देने, मध्यवर्गियों को अमेरिका, कनाडा याकि दुनिया भर के वीजा दिला कर उन्हें वहां बसाने की प्रतिज्ञा सुनने को मिले। सब संभव है। मोदीजी यदि चमत्कारी हैं तो राहुल, केजरीवाल तो ज्यादा पढ़े-लिखे हैं। विदेशियों से अच्छी अंग्रेजी में बात करते हैं। केजरीवाल, नीतीश इंजीनियर हैं। यदि नरेंद्र मोदी पाकिस्तान-कनाडा को औकात बतलाने वाले शेर बने हैं तो राहुल गांधी व केजरीवाल के लिए तो अमेरिका, कनाडा, सऊदी के नेता दौड़े चले आएंगे। मोदी के बिगाड़े रिश्तों को सुधारने के लिए बाइडेन और ट्रूडो से विपक्ष के इस फार्मूले को मजे से मानेंगे कि कनाडा में भारत के एक करोड़ नौजवानों को हम बसवाने की गारंटी लेते हैं। जी-7 ग्रुप के देश भारत के दो करोड़ हिंदुओं को नौकरी देंगे। हम सत्ता में आए तो पांच वर्षों में पांच करोड़ लोगों को विदेश में बसाएंगे। पाकिस्तान का भारत में विलय कराएंगे। चुनाव जीतने के बाद सौ दिनों के भीतर पीओके को भारत में मिलाएंगे। और भारत मां के बेटे अरविंद केजरीवाल का यह वादा है कि ‘इंडिया’ गठबंधन सरकार एक साल के भीतर चीन पर हमला करके भारत की जमीन छुड़वाएगा। हमने सैनिक-सामरिक और विदेशी थिंक टैंकों से बात कर ली है और रोडमैप बनाया हुआ है। यह देखो, मेरे हाथ में जो फाइल है यह उसी प्लान की है। आदि, आदि।

मतलब नरेंद्र मोदी से विपक्ष बहुत बड़ा सोचे, बड़े वायदे करे, बड़ी फट्टेबाजी करें तब तो मुकाबला होगा नहीं तो पृथ्वी को अपने श्रीमुख से दिखलाते हुए मोदी की और पिछड़े हिंदू भी दौड़े रहेंगे तो कुली और रेल यात्री भी। बडा, विशाल झूठ, बोलो।एवरेक्ट के आकार के बड़े-बड़े झूठ बोलो, तभी चुनावी लड़ाई बनेगी। अन्यथा फिलहाल तो मामला एकतरफा है। और हां, राहुल, केजरीवाल, नीतीश कुमार, अखिलेश आदि को रत्ती भर यह नहीं सोचना चाहिए कि उनके झूठे वादों पर जनता क्या सोचेगी? क्या जनता ने हर घर को पंद्रह लाख रुपए देने के नरेंद्र मोदी के वादे पर कुछ सोचा? क्या अच्छे दिन आए? क्या नौजवानों को रोजगार मिला? क्या स्मार्ट सिटी बनी? क्या किसान की आमदनी दो गुना बढ़ीज आदि-आदि। हम हिंदू न सोचते हैं, न फील करते हैं। हम तो भक्त होते हैं, सपने देखते हैं, मुंगेरीलाल के इलहामी फितूरों में जीते हैं कि देखो, देखो, कनाडा, पाकिस्तान, चीन और दुनिया को जीत कर महाराजाधिराज पधारे हैं।

**-हरिशंकर व्यास-**

# क्या राजनीतिक में स्वच्छता का मोदी जादू चलेगा ?

देश में स्वच्छता अभियान से ज्यादा जरूरी हो गया राजनीतिक स्वच्छता अभियान। क्योंकि आजादी के अमृतकाल को अमृतमय बनाने के लिये राजनीति का शुद्धिकरण यानी अपराध एवं भ्रष्टाचारमुक्त होना अपेक्षित है। आज कौन-सी पार्टी है जो सार्वजनिक जीवन में शुचिता का पालन कर रही है? शोचनीय बात यह है कि अब भ्रष्टाचार, आतंकवाद एवं साम्प्रदायिकता को पोषित करने वाले एवं देशविरोधी राजनीति के दोषी शर्मसार भी नहीं होते। इस तरह का राजनीतिक चरित्र देश के समक्ष गम्भीर समस्या बन चुका है। राजनीति की बन चुकी मानसिकता और भ्रष्ट आचरण ने पूरे लोकतंत्र और पूरी व्यवस्था को प्रदूषित कर दिया है। स्वहित और स्वयं की प्रशंसा में ही लोकहित है, यह सोच हमारी राजनीति में घर कर चुकी है। यह रोग राजनीति को इस तरह जकड़ रहा है कि हर राजनेता लोक के बजाए स्वयं के लिए सब कुछ कर रहा है। अधिकतर राजनीतिकों का मकसद बस किसी तरह चुनाव जीतना और सत्ता में जाना हो गया है। चुनाव जीतने के लिए पानी की तरह पैसा बहाया जाता है, और सत्ता में आने पर पैसा बनाने के सारे हथकंडे अपनाए जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौ वर्ष पहले स्वच्छता अभियान छेड़ा, जिसका व्यापक असर हुआ। अब देश में दूषित होती राजनीति में स्वच्छता अभियान शुरू करने की पहल करने की अपेक्षा है।

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव इसी साल के अंत में होने हैं और इसके बाद अगले वर्ष लोकसभा चुनाव का बिगुल बज उठेगा। ऐसे दौर में राजनीति में सुधार की कोरी बातें ही नहीं बल्कि संकल्पित होने का वक्त आ गया है। यह वक्त देखा जाए तो चुनाव सुधार एवं राजनीति में नैतिक मूल्यों को बल देने का बिगुल बजाने का है। चुनाव में अच्छे एवं ईमानदार, लोग चुन कर आएं इसके लिए राजनीति में अपराधियों का प्रवेश तो रोकना ही होगा, वंशवाद, जातिवाद, धनबल व बाहुबल जैसी राजनीति में घुस आई गंदगी को साफ करने के लिए ‘जागरूकता की



झाड़ू’ को उठाना ही होगा। अभी तो आम धारणा यही बनती जा रही है कि ईमानदारी के बलबूते चुनाव जीतना आसान नहीं है। लेकिन आगामी चुनावों में इस धारणा को बदल देना है। चुनाव सुधारों को लेकर उच्चतम न्यायालय से लेकर चुनाव आयोग तक की सिफारिशें एवं सुझाव हर बार हवा होते रहे हैं। उन पर अमल करने की परवाह किसी को नहीं होती। ठीक इसी तरह राजनीति के शुद्धिकरण का संकल्प भी हर चुनाव में खारिज होता रहा है, लेकिन कब तक? प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीति में नैतिक एवं ईमानदार चेहरा को प्रोत्साहन दिया है। ऐसा करके उन्होंने यह भी जता दिया कि राजनीति की चली आ रही परिभाषाएं अब बदलने लगी है। अब मोदी के नाम पर उन राज्यों में चुनाव जीतने के कीर्तिमान स्थापित हुए है, जहां चुनाव जीतना किन्हीं खास धनबल, बाहुबल एवं अपराधिक तत्वों के नाम लिखे हुए थे।

बात लोकसभा चुनाव की नहीं, विभिन्न राज्यों के विधानसभा चुनावों की है कि मोदी के नाम पर ये चुनाव इतने सफल क्यों एवं कैसे हो रहे हैं? पार्टी के कद्दावर नेता, जिनके बिना राज्य में चुनाव जीतना असंभव माना जाता रहा है, उन नेताओं के नाम की बजाय मोदी के नाम पर वोट मांगने की परम्परा मजबूत एवं सफल होती जा रही है, क्योंकि मोदी एक प्रतीक है विकास का, मूल्यों का, जन समस्याओं के समाधान का। गुजरात के मुख्यमंत्री रहने के दौरान पहले कार्यकाल में नरेंद्र मोदी ने हिंदू हृदय सम्राट की छवि बनाई। दूसरे कार्यकाल के बाद विकास, शांति एवं सौहार्द का प्रतीक बन गए। गुजरात मॉडल का प्रचार इतना जबर्दस्त रहा कि अन्य राज्यों में भी इसकी चर्चा होने लगी। बिहार-यूपी जैसे सुदूर क्षेत्रों के लोग भी गुजरात मॉडल की बात करने लगे। प्रधानमंत्री बनने के बाद ब्रांड मोदी और भी मजबूत हो गया। 2019 लोकसभा चुनाव में प्रचंड जीत के बाद मोदी अपराजेय दिखने लगे। 2024 के चुनाव में भी विपक्षी गठबंधन इंडिया के सामने यही सवाल खड़ा है कि नरेंद्र मोदी को चुनौती देने वाला नेता कौन होगा? इंडिया के सामने नेता घोषित करने की दोहरी चुनौती है। अगर चुनाव से पहले इंडिया का नेता चुन लिया गया, तो उसकी तुलना नरेंद्र मोदी से होगी। अगर नहीं चुना गया तो विपक्ष बिखरा ही दिखाई देगा।

**-ललित गर्ग-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## देश दौड़ रहा है

उषाकाल या गोधूलि बेला में
जब-जब किसी सड़क के किनारे
युवाओं को दौड़ते हुए देखता हूँ
तो लगता है मानों
देश के भविष्य दौड़ रहा है
नई किताब लिखने को
नए इतिहास गढ़ने को
नए उमंग नए जोश उत्पन्न करके
नए राष्ट्र के निर्माण खातिर
नव ऊर्जा भरने को।
पर नव निर्माण की यह गति
धीमा होता जा रहा है।
शासन की अनीतियों में
सब दुर्बल होता जा रहा है।
निरंतर भर्ती नही निकाल रहे
बना दिए योजना पंचवर्षीय है
संविदा भर्ती कमर तोड़ रही
सेना की नियुक्ति भी चंद वर्षीय है।।
सर्वत्र बेरोजगारी बिखरे हुए
सक्रियता का आलम गौड़ रहा है
जब-जब युवाओं को दौड़ते देखता
लगता मानों देश दौड़ रहा है।।




**चन्द्रकांत खुंटे क्रांति**
जांजगीर-चांपा
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## तुम कृष्ण हो

सुदामा हूँ मैं ,तुम कृष्ण हो ।
आऊं जब मैं तेरे द्वारे ,
दौड़ कर आलिंगन कर लेना।
अर्जुन हूँ मैं ,तुम कृष्ण हो ।
मोह जागे जब जीवन समर में,
तुम गीता ज्ञान करा देना।
भीष्म हूँ मैं, तुम कृष्ण हो ।
युद्ध क्षेत्र में भक्त की खातिर,
तुम अस्त्र उठा लेना।
मीरा हूँ मैं, तुम कृष्ण हो ।
आऊं जब मैं जग हारी,
स्वयं में समाहित कर लेना।
पांचाली हूँ मैं, तुम कृष्ण हो ।
पुकारु जब मैं अंतर्मन से,
तुम विपदा मेरी हर लेना।
रुक्मिणी हूँ मैं, तुम कृष्ण हो ।
भेजूं जब मैं नेह निमंत्रण ,
संग अपने ही कर लेना।
भक्त हूँ मैं, तुम कृष्ण हो ,
आऊं जब अंत समय में ,
भवसागर से पार उतार देना।




**गरिमा राकेश गौतम गर्विता**
कोटा,
राजस्थान

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## खोज...

खोज जारी रखिये
अपने आप को तलाशते रहो
और अपने प्रति सच्चे रहें
आप ही को ढूंढ रहे थे
अपने आप को
तुम मालिक बन जाओगे
बोरियत और समर्थन
तुम्हारे पास तभी आऊंगा जब...
आप नहीं देख रहे हैं
अपने लिए तो
आप नहीं जान सकते
तुम्हें किस काम का
इंसानियत के कारण,?
अपने आप को समझो
अपने आप को जानो जानो
सत्य को स्वयं खोजें
अपने भीतर खोजें
प्रेम से खोजें
तुम थोड़ी दुनिया हो
तो खोजो... जीत के साथ
मनोरंजन के लिए....



**ओत्तेरी सेल्वा कुमार**
चेन्नई
तमिलनाडु

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# बौखलाए पाक में कट्टरपंथ का खतरा बढ़ गया

रणनीतिक विश्लेषक पाकिस्तान की स्थिति पर इस संदर्भ में बहुत कुछ लिख रहे हैं कि शत्रु सेना के समर्थन के साथ इमरान खान के खिलाफ चल रहे आपराधिक मामलों के मद्देनजर उनके साथ क्या हो रहा है और सोच रहे हैं कि वह देश - स्पष्ट रूप से एक आर्थिक संकट में - कहां था। नेतृत्व किया। वे इन सबके भारत पर पड़ने वाले प्रभाव का विश्लेषण करने का भी प्रयास कर रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि पाकिस्तान में अमेरिका, सेना और अल्लाह की कहावत अभी भी चल रही थी और इसकी बारीकियों को समझने से भारत के पड़ोस में स्थिति का सही आकलन करने में काफी मदद मिलेगी।

इमरान खान दिल से एक इस्लामिक कट्टरपंथी रहे हैं और उन्होंने उस पर कोई आवरण डालने की कोशिश नहीं की। इमरान खान दिल से एक इस्लामी कट्टरपंथी रहे हैं और उन्होंने उस पर कोई आवरण डालने की कोशिश नहीं की। और तीसरा, उनका राजनीतिक आधार खैबर पख्तूनख्वा (केपी) - पूर्व में एनडब्ल्यूएफपी - में है, जो ऐतिहासिक दृष्टि से 19वीं सदी के मध्य में जेहाद के युद्धघोष पर हुए पश्चिम-विरोधी वहाबी विद्रोह का केंद्र था। यह जेहाद अल्जीरिया, अरब और भारतीय उपमहाद्वीप को एक साथ प्रभावित करने वाले बड़े आंदोलन का हिस्सा था, जो अब्दुल वहाब सहित उस समय के कई प्रमुख उलेमाओं के मार्गदर्शन में चलाया गया था।

हालाँकि अंग्रेजों द्वारा दबा दिया गया, लेकिन इसने अफगानिस्तान बेल्ट को अत्यधिक कट्टरपंथी बना दिया - यह इस अतीत की छाप है जिसने इमरान खान द्वारा गठित पाकिस्तान तहरीके इन्साफ (पीटीआई) को एक कट्टरपंथी दिशा दी, जिसका मुख्य रूप से केपी के पख्तून गृह मैदान पर कब्जा था। . तहरीके तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी), बेशक, वहाबी जेहाद की वास्तविक ऐतिहासिक विरासत रखता है और इस कारण से आंतरिक रूप से अमेरिका के खिलाफ है और अमेरिकी प्रशासन के साथ कथित निकटता के कारण पाक सेना प्रतिष्ठान के प्रति भी शत्रुतापूर्ण है। इसलिए, यह आश्चर्य की बात नहीं है कि पाकिस्तान में मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में इमरान खान की पार्टी और कट्टरपंथी टीटीपी एक ही तरफ खड़े पाए जाते हैं।

पाकिस्तान में आंतरिक परिदृश्य परंपरागत रूप से पाक सेना-आईएसआई गठबंधन की राजनीतिक भूमिका पर निर्भर रहा है जो बाद वाले और राजनीतिक दलों के स्पेक्ट्रम के बीच समीकरण निर्धारित करता है। सेना की पकड़ और वैधता बाहरी खतरों, विशेष रूप से कश्मीर के संबंध में विवाद सहित भारत-पाक संबंधों से जुड़े खतरों के खिलाफ पाकिस्तान के रक्षक होने के उसके दावों से उत्पन्न हुई थी। आखिरी बार पाकिस्तान में सेना का तख्तापलट तब हुआ था जब जनरल परवेज मुशर्रफ ने कारगिल युद्ध के मद्देनजर प्रधान मंत्री नवाज शरीफ का सामना किया था और अक्टूबर 1999 में रक्तहीन तख्तापलट में नागरिक सरकार को हटा दिया था। 2007 में मुशर्रफ द्वारा पाकिस्तान में मार्शल लॉ घोषित करने के बाद, पाकिस्तान में राजनीतिक दलों, मुख्य रूप से पीपीपी और पीएमएल, के बीच उद्देश्य की एक दुर्लभ एकता देखी गई, जो राष्ट्रपति मुशर्रफ के खिलाफ महाभियोग के लिए चले गए और आखिरकार ऐसी स्थिति पैदा हो गई जिसमें मुशर्रफ ने भी अक्टूबर 2008 में निर्वासन लेने के लिए पाकिस्तान छोड़ दिया। लंदन में। मुशर्रफ गाथा ने पाक सेना को राजनीतिक दलों का सामना करने के बजाय युद्धाभ्यास करने के लिए प्रेरित किया और 2018 के चुनाव में पीपीपी और पीएमएल के कट्टर नेताओं के बजाय इमरान खान जैसे स्व-निर्मित राजनेता को प्राथमिकता दी। पाकिस्तान में सेना तब से है पाकिस्तान की राजनीति में एक बैकहैंड प्लेयर बन गया है और हाल ही में अपनी प्रामाणिकता की शक्ति को और बढ़ाने के लिए पाकिस्तान के आर्थिक विकास में एक हितधारक के रूप में अपनी भूमिका बढ़ा दी है। अप्रैल 2022 में, इमरान खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की सफलता से नवाज शरीफ के भाई शहबाज शरीफ को प्रधान मंत्री बनाया गया, जिन्होंने पाक सेना के साथ अच्छे संबंध बनाए रखे। उन्होंने अगस्त 2023 में अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा होने से पहले संसद को भंग कर दिया और शासन को अंतरिम सरकार को सौंप दिया। हालाँकि पाकिस्तान में आम चुनाव समय पर होने को लेकर अनिश्चितता की स्थिति है क्योंकि सेना एक बार फिर पाकिस्तान के राजनीतिक भविष्य की मध्यस्थ बनकर उभरी है। पाक सेना ने दोहा में तालिबान और अमेरिका के बीच मध्यस्थ के रूप में कार्य करने का नाटक करके पहले ही खुद को अमेरिका का प्रिय बना लिया था, जब जो बिडेन प्रशासन को अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों को वापस लेने के अपने वादे को पूरा करने की सख्त जरूरत थी। पाकिस्तान फरवरी 2021 में अफगानिस्तान में भारत पर एक निश्चित रणनीतिक बढ़त हासिल करते हुए काबुल में तालिबान अमीरात को फिर से स्थापित करने में कामयाब रहा।

**-त्रिवेणी-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# सामुदायिक प्रयासों के बिना स्वच्छ भारत की कल्पना अधूरी,कचरा प्रबंधन हेतु सभी को होना चाहिए जागरूक



**श्याम कुमार कोलारे**
छिन्दवाड़ा
मध्यप्रदेश

आज हमारा देश कई क्षेत्रों में प्रगत हो चुका है, शिक्षा, स्वास्थ एवं रोजगारपरक कौशल को आगे बढ़ाने के लिए देश में कई प्रयास किये जा रहे है, इन प्रयासों से देश अपने शिखरतम स्तर पर पहुँचने में सफल हो चला है । देश में मध्यप्रदेश के इंदौर शहर को लगातार छठी बार देश का सबसे स्वच्छ शहर घोषित किया गया है, ये सब इस शहर के बासियों की मदद एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता ने इस ख़िताब को अपने सिरमौर्य करने का अवशर प्रदान किया है । स्वच्छता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों में पहला स्थान हासिल करना मध्यप्रदेश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है । इस शहर के लोगो के सहयोग एवं समर्थन से ये सब हो पाया । क्या अकेले सरकार उसके अमले इस चौनौती पूर्ण कार्य को अंजाम दे सकते है शायद बहुत कठिन होता परन्तु सभी के सहयोग से यह कार्य देश में छटी बार अपने शहर को स्वच्छ बनाने में सफल हो पाए है यह अपने आप में गर्व करने वाली बात जिससे सभी को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है । राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने स्वच्छता के लिए देशवासियों का आह्वान किया था। उन्होंने कहा था कि जब तक हम अपने शहरों की हालत नहीं बदलते, अपनी बुरी आदतों को नहीं छोड़ते, अपने शौचालयों को नहीं सुधारते, तब तक हमारे लिए स्वराज्य का मूल्य कुछ भी नहीं है। ऐसे में स्वच्छ सर्वेक्षण राज्यों और शहरों के बीच स्वच्छता के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दे रहा है। इस वर्ष के सर्वेक्षण में 4 हजार से अधिक शहरों में



लगभग नौ करोड़ लोगों ने भाग लिया है। ‘स्वच्छ भारत मिशन’ की सफलता के पीछे पिछले आठ वर्षों में केंद्र और राज्य सरकारों और सभी नागरिकों के निरंतर प्रयास हैं। इस सफलता को हासिल करने में देश के सफाई मित्रों ने सबसे अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कोविड महामारी के दौरान भी स्वच्छता बनाए रखने के लिए लगातार काम किया।

वही दूसरे पहलुओं पर विचार करें तो ये नजारा बेहद दुखदाई करने वाला है । जब कभी त्यौहार, पर्व या जश्न का मौका होता है लोग इस जश्न के लिए बड़ी-बड़ी तैयारी करते नजर आ जायेंगे परन्तु इस तैयारी के बाद उससे निकने वाला कचरा देखें तो आपको सड़कों के इधर-उधर फैला एवं उड़ता नजर आता है । हाल ही में बड़े-बड़े पर्व को लोगो ने बहुत मजे से मनाया,प्लास्टिक के डिस्पोजल गिलास में खूब सरबद, पानी पीये, लोगो के लिए प्लास्टिक एवं कागज की प्लेट में भोजन खिलाया गया, लोगो ने खूब चटकारे लगाकर अपनी पेट पूजा की एवं इस डिस्पोजल कचरे को वही फेक कर चले गए । उन्हें क्या करना इस कचरे से दूसरो को क्या नुकसान होने वाला है । खाने-पीने वाले आयोजन के बाद इस जगह को आप देखंगे तो आपको यहाँ कुडादान जैसा माहोल देखने के लिए मिल जाएगा । अरे कहाँ गया हमारा सम्मान, देश के प्रति इज्जत करने की भावना? क्या हमारा ये नैतिक कर्तव्य नहीं कि हमारे आसपास को अपने घर की भांति साफ-सफाई रखे और सफाई रखने में लोगो की मदद करे । आम बाजारों में देखा जा सकता है बाजार ख़त्म होने के बाद दुकानदान अपना कचरा ऐसे छोड़ कर जाते है जैसे यह उनका जन्मसिद्ध अधिकार है, इसे साफ़ करने के लिए सरकार है न उन्हें क्या यह तो उसका पैसा देकर गंदगी करने सर्टिफिकेट ले रखा हो । मेरे ऐसे भाई एक बार मध्यप्रदेश के इंदौर शहर जाकर वहाँ का कचरा प्रबंधन एवं उसका निपटान का तरीका अवश्य देख कर आंये बड़ा सुखद अनुभव मिलेगा ।

सफाई के नाम पर कई आयोजन एवं अभियान चलाये जाते है, मेरे सफाई पसंद दोस्तों की टोली निकल पड़ती है सफाई की ड्रेस एवं स्वछता अभियान की टोपी लगाकर सफाई करने परन्तु मेरे सम्माननीय भाईयों वास्तव में जहाँ सफाई की अवश्यकता है इस जगह को अक्सर नजरअंदाज कर देते है और जहाँ कम पहले से ही कुछ सफाई है ऐसे स्थान की सफाई में जुट जाते है, और फिर चलता है फोटो खिचवाने का दौर हाथ में सफाई का सामान लिए सफाई करते । सोशल मीडिया और अखबारों में फोटो सहित नाम बड़ा देखकर सफाई पसंद के रूप में बहावाही लेना । अच्छा भी है, अच्छे काम के लिए श्रेय मिलना भी चाहिए परन्तु वास्तवित रूप से सभी को संकल्पित होने की आवश्यकता है कि हम स्वयं सफाई के महत्व को समझे और औरो को भी समझाए । व्यक्तिगत स्वच्छता व्यक्ति के विकास में मदद करती है, उन्हें स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करती है और सामाजिक एवं व्यक्तिगत स्तर पर उच्चतम स्तर के चरित्र और गुणों का निर्माण करती है। यह व्यक्ति की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भारत के गांवों, कस्बों और शहरों में सफाई बढ़े और गंदगी कम हो, इससे भला किसे आपत्ति हो सकती है? यदि ऐसा हो जाए तो भारत की कायापलट हो जाएगी । लेकिन सवाल यह है कि एक सुंदर सपना देखने के बाद क्या केवल उसका प्रचार करना ही पर्याप्त है। इस बात को समझना होगा। नगर निगम, नगर पंचायत, ग्राम पंचायत जैसी संस्थाओं के कर्मचारियों का भरपूर साथ देने की जरूरत है । हमें अपने आप को जगाने की जरुरत है कि हम अपने आस पास की सफाई में मन से मदद करे एवं लोगो को भी जागरूक करें । तभी बनेगा हमारा स्वच्छ देश- स्वच्छ भारत ।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# महात्मा गांधी का जीवन दर्शन वर्तमान परिदृश्य में भी प्रासंगिक:अवस्थी

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 03 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

महामना मालवीय मिशन सरगुजा के तत्वावधान में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिवस पर व्याख्यानमाला का आयोजन शहर के भारतेंदु भवन, गांधी स्टेडियम में किया गया। संस्था के सभी सदस्य गांधी चौक पर चार बजे एकत्र हुए और महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आरएन अवस्थी ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन दर्शन वर्तमान परिदृश्य में भी प्रासंगिक हैं। वे सत्य, अहिंसा के न्यायमूर्ति थे। मुख्य अतिथि सुरेन्द्र गुप्ता ने कहा महात्मा गांधी के व्यक्तित्व का अनुश्रवण भारतवर्ष के लोग ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व करता है। वे कर्तव्यपरायणता के साथ किसी कार्य को करते थे। विशिष्ट अतिथि बह्माशंकर सिंह ने कहा महात्मा गांधी भारतवर्ष को आजाद कराने में जिस सिद्धांत को संपादित किए वह सत्य और अहिंसा का मार्ग है। युद्ध से समझौता के द्वार बंद हो जाते हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता जेपी श्रीवास्तव ने कहा गांधीजी के आदर्शों को अपनाकर देश की बड़ी से बड़ी समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। इनके बताए गए रास्तों पर चलकर सामाजिक द्वेषता को खत्म किया जा सकता है। पार्षद द्वितेन्द्र मिश्रा ने कहा आज दो-दो महापुरुषों महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री का जन्मदिवस है। शास्त्री जी का जीवन दर्शन सादगी का परिचायक है।



भारतवर्ष के प्रधानमंत्री होते हुये भी उन्होंने संपूर्ण जीवन सादगी पूर्ण बिताया। शासकीय संसाधनों का उपयोग अपने निजी जीवन में कभी नहीं किया। गीतकार एवं कवि अंजनी पांडेय ने गांधी दर्शन और वर्तमान भूमंडलीय परिदृश्य पर विश्लेषणात्मक तथ्य को सामने रखा। प्रगतिशील लेखक संघ के पूर्व अध्यक्ष वेदप्रकाश अग्रवाल ने गांधी जी को अहिंसा का पुजारी बताया वहीं कवि देवेन्द्र दुबे ने आध्यात्मिक विचारों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कृषि वैज्ञानिक डॉ. बीके सिंह ने कहा कि गांधी जी समस्याओं का समाधान गीता ग्रंथ में ढूंढ़ते थे, उनके विचार आध्यात्मवादी थे। मंच संचालन करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी राज नारायण द्विवेदी ने कहा व्यक्ति और व्यक्तित्व का मापदंड उसके व्यहारिक गुणधर्म में अपनाए गए आचरण से किया जाता है। कालखंड में यदि जनमानस स्वीकार करता है तो वह महापुरुष बन जाता है। महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का आचरण व्यवहार और कथन एक जैसा था, वे हमेशा अडिग रहे। सत्यमेव जयते का पालन करते रहे इसलिए उन्हें महात्मा कहा गया। कार्यक्रम में हरिशंकर त्रिपाठी, दुर्गा प्रसाद तिवारी, जेआर कुशवाहा, हरिशंकर सिंह, मदन मोहन मेहता, प्रीतपाल सिंह अरोरा, प्रकाश कश्यप ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में शिक्षक सच्चितानंद पांडेय, जेपी गुप्ता, नारायण प्रसाद गुप्ता, बीएल गुप्ता सहभागी रहे।

## अल्पसंख्यकों के ज्वलंत मुद्दों को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 03 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।




छत्तीसगढ़ राज्य में अल्पसंख्यकों के ज्वलंत मुद्दों को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन नवापारा स्थित आशा एसोसिएशन संस्था के सभाकक्ष में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अधिवक्ता फैजल रिजवी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतेंदु हरिश्चंद्र साहित्य कला समिति के संरक्षक द्वितेंद्र मिश्रा ने की। विशिष्ट अतिथि बिशप पतरस मिंज तथा जीईएल चर्च के पास्टर पाल सिंह टूटी थे। बिशप हाउस और नवाबिहान कल्याण समिति अंबिकापुर के संयुक्त तत्वाधान में हुई इस कार्यशाला में अल्पसंख्यक संस्थाओं के अधिकांश प्रमुख सहित कई समाज सेवी संस्थाओं के मुखिया व मुस्लिम समाज के लिए काम कर रहे संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान अल्पसंख्यक संस्थाओं और व्यक्तियों की वर्तमान में हो रही उपेक्षा,अत्याचार, अन्याय और प्रताड़ना पर चिंतन किया गया। इस पर अंकुश लगाने पर जोर दिया गया। अपनी मांगों के समर्थन में इनकी ओर से एक ज्ञापन मुख्य अतिथि को देकर आग्रह किया गया कि सरकार के समक्ष अल्पसंख्यकों के मुद्दों और समस्याओं को प्रस्तुत कर दोनों पक्ष एक साथ बैठकर सभी जवलंत मुद्दों पर चर्चा करें, समाधान निकालें यह प्रयास किया जाए। वक्ताओं ने ईसाई, मुस्लिम व अन्य समाज के द्वारा संचालित संस्थानों को तत्काल अनुदान देने पर जोर दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन सामाजिक कार्यकर्ता अशफाक अली ने किया।

## नाबालिग का अपहरण कर किया दुष्कर्म,तीन आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 03 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के चांदो थाना अंतर्गत एक नाबालिग का अपहरण किए जाने व उसके दुष्कर्म करने किए जाने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार चांदो क्षेत्र निवासी एक नाबालिग के परिजन ने 12 अगस्त को थाने में शिकायत किया था कि 8 अगस्त से उसकी 17 वर्षीया पुत्री गायब है। आशंका जताई थी कि किसी के द्वारा बहला फुसलाकर भगा कर ले जाया गया है। पहले तो पुलिस ने मामले में गुमशुदगी की सूचना दर्ज की थी। बाद में अपहरण का अपहरण का अपराध दर्ज किया। 19 अगस्त को पुलिस ने ग्राम चांदो से नाबालिग को बरामद कर लिया था। पूछताछ में पीड़िता ने बताया कि उसे क्षेत्र के आरडियन लकड़ा, अमित तिर्की एवं फूलसाय के द्वारा जबरन अपहरण कर ले जाया गया था। आरडियन द्वारा उसके साथ दुष्कर्म किया गया। मामले में पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध दुष्कर्म सहित अपहरण का मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया था। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने आरोपी आरडीएन लकड़ा को दोषी पाते हुए 3 वर्ष एक माह पांच दिन व आरोपी अमित तिर्की को एक वर्ष 5 माह, फूलसाय बेग को पांच माह सात दिन की सजा सुनाई गई है। पुलिस न्यायालय के आदेश का परिपालन करते हुए से तीनों को जेल भेज दिया गया है।

## पंचायत भवन के सामने खड़ी बाइक को चोरों ने किया पार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 03 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

बिशुनपुर रेलवे स्टेशन के समीप रहकर मजदूरी कर रहे ग्रामीण की बाइक को चोरों ने पंचायत भवन के सामने से पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार के दरिमा थाना क्षेत्र निवासी गौतम दास आ. राम दास (45 वर्ष) शहर के रेलवे स्टेशन के समीप रहकर मजदूरी का काम करता है। गत दिन बाइक क्रमांक सीजी 15 सीक्यू 4773 को अजिरमा पंचायत भवन के सामने खड़ा किया था। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने बाइक को पार कर दिया। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## संत गहिरा विश्वविद्यालय के अनियमित कर्मचारी पिछले 8 दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर




- संवाददाता -
अंबिकापुर, 03 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

संत गहिरा विश्वविद्यालय में पिछले 10 वर्षो से कार्य करते आ रहे अनियमित कर्मचारियों के द्वारा मंगलवार से कार्यभारित कर्मचारी घोषित किए जाने के मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दिए जाने से विश्वविद्यालय का कामकाज ठप हो गया है। इन कर्मचारियों के समर्थन में कलेक्टर दर पर कार्य कर रहे अन्य कर्मचारियों भी इस हड़ताल में शामिल हो गए है। छत्तीसगढ विश्वविद्यालय अनियमित कर्मचारी संघ का कहना है कि कर्मचारी संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय में 10 साल से अधिक समय से कलेक्टर दर पर कार्य कर रहे हैं। कर्मचारियों को कार्यभारित करने का कार्य परिषद द्वारा निर्णय लिया गया था। इसके बाद भी विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों को कार्यभारित करने का आदेश जारी नहीं किया जा रहा है। कर्मचारियों के वेतन से अवैध रूप से इपीएफ राशि की वसूली के नाम से की जा रही कटौती के कारण कर्मचारियों में आक्रोश है। विश्वविद्यालय अंतर्गत 100 से ज्यादा कर्मचारी हैं जो कलेक्टर दर पर नियुक्त हैं।

## अणुव्रत क्रियेटिविटी द्वारा जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 03 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

शहर के मल्टीपरपज हाल में अणुव्रत क्रियेटिविटी का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया, इसमें तीन जिले और 25 स्कूल की सहभागिता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण से हुआ। मुख्य अतिथि अणुव्रत समिति के संरक्षक तोलाराम मालू, समिति के मंत्री धनपत महनोत, मीरा महनोत रहे। प्रतियोगिता में स्कूल स्तर पर विजेता बच्चे जिला स्तर पर प्रस्तुति दे रहे थे। प्रतियोगिता के लिए स्वरचित कविता, चित्रकला, निबंध, भाषण, गीत गायन का निर्धारण राष्ट्रीय टीम द्वारा किया गया था। सभी विधाओं के लिए विषय निर्धारित किए गए थे। प्रतिभागी बच्चों में इस मौके पर उत्साह देखने को मिला। एकल और समूह गीत गायन वाद्य यंत्र के साथ करने के लिए चार मिनट समय दिया गया था। बच्चों ने अपने संगीत टीचर के साथ सुर, ताल, लय के साथ गाते हुए प्रस्तुति दी। प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी अब राज्य में प्रस्तुती देंगे।



भाषण में प्रतिभागी समूह एक में आस्था कन्या परिसर स्कूल, समूह दो में अंजली ज्ञान मंदिर पंपापुर के बच्चे विजेता रहीं। कविता में समूह एक में गौरी पांडे माउंट लिट्रा स्कूल व समूह दो में वर्षा ज्ञान मंदिर पंपापुर, पेंटिंग वर्ग समूह एक में आदित्य वर्मा देल्ही पब्लिक स्कूल, समूह दो में खुशबू तिर्की, निबंध प्रतियोगिता समूह एक में मुस्कान गढ़वाल, समूह दो में नेहा राजवाड़े, गीत गायन अंतर्गत समूह एक एकल में दिव्यांशी पांडेय देल्ही पब्लिक स्कूल, समूह दो में गौरव शुक्ला रहे। इसी क्रम में ग्रुप एक ज्ञान मंदिर स्कूल व ग्रुप दो ओरिएंटल पब्लिक स्कूल प्रथम स्थान पर रहे। कार्यक्रम के उद्देश्य पर राज्य प्रभारी ममोल कोचेटा ने प्रकाश डालते हुए अपने 19 वर्षो का अनुभव साझा किया। रायपुर के नरेन्द्र दुग्गड़ व कमल बेगानी को याद करते हुए उन्होंने कृतज्ञता ज्ञापित की। उन्होंने सभी से सहयोग की अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा राष्ट्रीय टीम के अध्यक्ष अविनाश नाहर एवं राष्ट्रीय संयोजक राजेश चावत के मार्गदर्शन में कार्य करने से ऊर्जा मिलती है। इस दौरान वरिष्ठ नागरिक त्रिलोक चंद गर्ग व सिद्धकरण सुराना का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मल्टीपरपज स्कूल के प्रभारी प्राचार्य केके राय, ओरिएंटल पब्लिक स्कूल के प्राचार्य आइ.ए. सूरी, कन्या परिसर की प्राचार्या संध्या सिंह, समिति के सह सचिव महेंद्र बोथरा, प्रचार प्रसार मंत्री हनुमान डागा, शीला जैन, समिति के सदस्य सुषमा जायसवाल, नीलू बाला जैन के अलावा शिक्षकों में सुनीता दास, अनुराग तिवारी, श्री आर्ट की अर्जिता सिन्हा, सरस्वती शिशु मंदिर से सीमा खानवरकर, उमेश कुशवाहा, रेनू त्रिपाठी, तेरापंथ महिला मंडल की अध्यक्ष मीनाक्षी साम सुखा, मंत्री हेमा भूरा, संगीता जैन, जया बोथरा, संजय भूरा उपस्थित रहे। जज की भूमिका विवेक मिश्रा, मोनालिका सोनी, ज्योत्सना पालोरकर, संजय सोनी और संजुला श्रीवास्तव ने निभाई। कार्यक्रम का संचालन सरस्वती शिशु मंदिर की शिक्षिका दिव्या ने व ममोल कोचेटा ने मल्टीपरपज स्कूल के प्रभारी प्राचार्य सहित उपस्थित सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## भारी बारिश के बीच 'कांग्रेस भरोसा यात्रा'

- संवाददाता -
प्रतापपुर, 03 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।





प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुमार सिंह देव के नेतृत्व में आयोजित हुआ ।

यात्रा प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत सकलपुर से ग्राम पंचायत खडगांव तक निकली? महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कांग्रेस भरोसा यात्रा में विधायक माननीय डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम मुख्य रूप से शामिल रहे।

यात्रा में दो पहिया व चार पहिया वाहनों की बड़ी संख्या के साथ पैदल यात्रा खडगांवा पहुंची। यात्रा के माध्यम से विधानसभा क्षेत्र में अधिक से अधिक जगह-जगजगहों पर होते हुए छत्तीसगढ़ सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं से आम जनता को अवगत कराया गया. यात्रा के दौरान कई जगह सभा का भी आयोजन किया गया।

सभा समारोह को संबोधित करते हुए प्रतापपुर विधायक एवं अध्यक्ष स्टेट प्लानिंग कमिशन डा. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जयकारा लगाते हुए अपना उद्बोधन प्रारंभ किया।. जिसमें उन्होने छत्तीसगढ़ सरकार के कल्याणकारी योजनाओं को बताते हुए शिक्षा, सड़क एवं विकास कार्यों को बताते हुए जीर्णोद्धार के बारे में बताया. पट्टा वितरण पर भी प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि पट्टा वितरण कानून लाने के लिये कड़ी मेहनत की गई. अभी जिनका नाम आ गया है और जिनका नही भी आया है आगे उनका नाम जोड़ा जायेगा और सभी को पट्टा वितरण किया जायेगा. अभी लगभग पंद्रह हजार हितग्राहियों को पट्टा वितरण किया जा रहा है। तथा शासन की योजनाओं के लाभ के बारे में प्रतापपुर क्षेत्र में विकास की निरंतर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है हर विकास कार्य कोटी दुर्गति से किया जा रहा है सभा में आये लोगों का अभिवादन करते हुए बताया कि कांग्रेस की सरकार जब तक रहेगा विकास की गंगा बहेगी।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुमार सिंह देव मां महामाया शक्कर कारखाना के अध्यक्ष विद्या सिंह व जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष शिवभजन सिंह मरावी ने अपने उद्बोधन करते हुए महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री का में स्मरण करते हुए उनके जीवन को सत्य अहिंसा एवं समर्पण बताते हुए कांग्रेस भरोसा यात्रा के ऊपर प्रकाश डाला इतिहास में कांग्रेस नेताओं द्वारा देश के लिए बलिदान को याद करते हुए सभा को संबोधित किया. कांग्रेस की भरोसा यात्रा को प्रदेश में सरकार पर जनता का भरोसा बताया. आगे उन्होंने प्रदेश में उनके द्वारा कराये गये कार्यों को बताते हुए फिर से कांग्रेस की एक बार सरकार बनाने के लिए आशीर्वाद मांगा.। कई वक्ताओं ने भी उद्बोधन किए। भरोसा यात्रा जिला कांग्रेस कमेटी व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुमार सिंह देव ने की।इसमें प्रमुख से रघुनाथनगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक जायसवाल, मां महामाया शक्कर कारखाना अध्यक्ष विद्या सागर आयाम, नगर पंचायत अध्यक्ष कंचन सोनी, बीजू दाशन, हरिहर यादव, जनपद अध्यक्ष जगत आयाम, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सतीश चौबे, मीडिया प्रभारी राजेश गुप्ता बनवारी लाल गुप्ता त्रिभुवन सिंह प्रियंकल तिवारी, सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेता समस्त कांग्रेसी कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे। तथा हजारों की संख्या में ग्रामीण सहित आम जनता नेता गढ़ उपस्थित रहे।

## बैठक में कर्मचारियों की मांगों और समस्याओं को सुना प्रांताध्यक्ष ने




- संवाददाता -
अंबिकापुर,03 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ कर्मचारी संघ की बैठक रविवार को आयोजित की गई। इसमें छत्तीसगढ़ कर्मचारी संघ के रायपुर से आए प्रांताध्यक्ष जीपी बुधोलिया, प्रांतीय महामंत्री आरपी द्विवेदी, लघु वेतन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष विजेन्द्र कुमार यादव सहित अन्य शामिल हुए। इस दौरान लंबित पेंशन प्रकरण, सेवानिवृत्त पेंशनधारी कर्मचारियों के स्वयं एवं पत्नी के लिए राज्य व बाहर के मान्यता प्राप्त अस्पतालों में आजीवन निञ्शुल्क ईलाज की व्यवस्था कराने, पुराने शासकीय कर्मचारी आवास जो जर्जर हो चके हैं, इन्हें डिस्मेंटल करके बहुमंजिला आवासीय भवन बनाने, स्वास्थ्य विभाग में लगभग दो वर्ष से लंबित लिपिकों की पदोन्नति शीघ्र कराने, सभी कार्यालयों में पुरूष-महिला शौचालय का निर्माण सहित अन्य मांगें प्रांताध्यक्ष के समक्ष रखी गई। प्रांताध्यक्ष ने उक्त मांगों एवं समस्याओं को पूर्ण कराने का आश्वासन दिया। बैठक में जिला संयोजक डॉ. वाईके किण्डो, संभागीय संरक्षक डॉ. राजेश भजगावली के अलावा डॉ. शिवनारायण पैंकरा, मो. सउद अंसारी, नवीन कुमार श्रीवास्तव, इसरत जहां, नवीन कश्यप, राहिब अली, अलखराम पांडेय, सुरेश सेन, आरडी माथुर, संजय गुप्ता, नवरंग लाल, सरस्वती सोनी, प्रभात पटेल, श्याम लाल, गिरजेश कुमार यादव, मकसूद अहमद, अजय सिंह, अश्विनी कुमार सिंह, राम सुरेश सिंह, अशोक लकड़ा सहित अन्य उपस्थित थे।

# कुसमी में रुक-रुक हो रही है बारिश से शहर का राजा तलाब पानी से भरा

- संवाददाता -
कुसमी, 03 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

विकासखंड क्षेत्र में पिछ्ले कुछ दिनों से रुक-रुक हो रही है झमाझम बारिश से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है तो वही कुसमी क्षेत्र के तलाब नदी नाले में पानी भर गया है ,दरसल इस बार बारिश की बात की जाए पिछ्ले सालों की तुलना में देर से शुरू हुई है जिसके वजह से धान की खेती भी लेट से शुरू हुई लेकिन बीच बीच में मौसम बदला और कुछ दिनों के लिए बारिश बंद भी हो गया ,लेकिन अब पिछ्ले कुछ दीनो से बारिश लगातार रुक रुक हो रहा है नदी नालों तलाब में पानी भर गया है,वही आपको बता दे की पिछ्ले कई वर्षो के बाद इस बार की बारिश में ऊपर कुसमी शिवमन्दिर के राजा तलाब में पानी तलाब की क्षमता से भी ज्यादा पानी भर गया है जिससे आसपास की जनता तलाब की सुरक्षा को लेकर घबरा भी रही है ,आखिरकार जनता इस तलाब की सुरक्षा को लेकर क्यों इतना चिंतित है और घटती घटना के प्रतिनिधि के सामने भी अपनी चिंता भी लोगो ने बताया,यह तलाब लोगो के समाजिक जीवन का अंग भी हैं शिवशक्ति का यह तलाब इसलिए महत्वपूर्ण है माना जाता है ,क्योंकि कुसमी शहर में देवी देवताओं की पुजा अर्चना के मूर्तियों का





भी विसर्जन इसी तलाब में लोग करते है तो वही आसपास की जनता इस तलाब में छठ महापर्व भी मानते है पूजा पाठ के कई कार्यक्रम में इस तलाब की जरूरत लोगो पड़ती है साथ ही पशु पक्षियों भी यहां का जल पीते है और भी अन्य तरह की जरूरत समाजिक कार्यक्रम में लोगो को इस तलाब की पड़ती है ,इस बार की बारिश में पानी इतना भरा की तलाब से अभोर फ्लो हो रहा है पानी निकलने के तलाब में कोई गेट नही है और अब तलाब के आसपास में लोगो का घर भी बन चुका है जिससे पानी निकलने का साधन अन्य जगहों से ठीक से नही हो रहा है बलकि तलाब में ही बाढ़ का पानी घुस रहा है जिससे तलाब भरके ओभर फ्लो हो रहा है,इसलिए जनता की जरूवत को ध्यान में रखकर इस तलाब की सुरक्षा को लेकर जिम्मेदार लोगो को सुध लेना ही होगा,आने वाले दिनों में नवरात्र भी शुरू होने जा रही है और फिर छठ महापर्व भी आ जायेगा जिससे तलाब की जरूरत स्थानीय जनता को होगी,इसलिए समाचार के जरिए जनता की समस्या को हमने प्राथमिकता के साथ रख दी है, और शासन प्रशासन पर बैठे जिम्मेदार लोगो का यह काम है की जनता के समाजिक जीवन से जुड़े इस तलाब का जीर्णोधार कर जनता को तलाब की सुरक्षा का भय से मुक्ति दिलाया जाए।

CMYK

# अमेरिका समेत 8 देश मिलकर कर रहे 'सबसे बड़ा' सैन्य अभ्यास, फिलीपींस-चीन तनाव बढ़ने की आशंका

**वॉशिंगटन, 03 अक्टूबर 2023 ।** फिलीपींस और चीन के बीच टकराव बढ़ने का खतरा है। दक्षिण चीन सागर में क्षेत्राधिकार को लेकर जारी विवाद के बीच अमेरिका ने संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू किया है। फिलीपींस की राजधानी मनीला और चीन की राजधानी बीजिंग में दोनों देशों की तल्खी का साफ असर देखा जा सकता है।

### युद्धाभ्यास का नाम क्या ?

एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी सेना ने दो सप्ताह तक चलने वाला सैन्य अभ्यास सोमवार को शुरू किया। इस बहुस्तरीय सैन्य अभ्यास में फिलीपींस और अमेरिका के साथ ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, कनाडा जैसे देश भी भाग ले रहे हैं। अमेरिकी नौसेना ने बताया कि सैन्य अभ्यास को समा-समा 2023 नाम दिया गया है।

### अब तक का सबसे बड़ा सैन्य अभ्यास

सैन्य अभ्यास का यह छठा संस्करण अब तक का सबसे बड़ा आयोजन है। इस संयुक्त मिलिट्री अभ्यास में ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, फ्रांस, जापान, यूनाइटेड किंगडम और मलेशया जैसे देश भाग ले रहे हैं। अमेरिकी नौसेना के अधिकारी कैप्टन सीएन लेविस ने बताया कि समा-समा का अर्थ एक साथ होता है और इस अभ्यास की भावनाओं को देखते हुए इससे बेहतर नाम नहीं हो सकता। कैप्टन सीएन अमेरिकी नौसेना के डिस्ट्रॉयर स्क्वाड्रन 7 को कोमोडोर हैं।

### इनोवेशन के साथ संयुक्त सुरक्षाबल तैयार करने की कवायद

उन्होंने कहा कि संयुक्त युद्धाभ्यास के दौरान सुरक्षा से जुड़े बड़े मुद्दों का समाधान किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पहली बार इतनी बड़ी संख्या में देश संयुक्त अभ्यास कर रहे हैं। ऐसे में संयुक्त ऑपरेशन के लिहाज से देशों का परस्पर सहयोग बढ़ने की पूरी संभावना है। इससे इनोवेशन और दक्षिण चीन सागर और आसपास के क्षेत्रों की सुरक्षा मजबूत करने के मकसद से संयुक्त सुरक्षाबल तैयार करने में भी मदद मिलेगी।

### इन देशों के 1800 जवान करेंगे अभ्यास

समा-समा में आठ देशों के लगभग 1800 सैन्यकर्मी भाग ले रहे हैं। इनमें से कई अधिकारियों की पोस्टिंग युद्धपोत पर की गई है। फिलीपींस, अमेरिका, जापान, कनाडा और यूनाइटेड किंगडम के युद्धपोत भाग ले रहे हैं।



### क्यों बढ़ रहा है खतरा

रक्षा मामलों के जानकारों के अनुसार चीनी तटरक्षक बल और फिलीपींस के युद्धपोतों का टकराव बढ़ रहा है। इसके साथ ही साउथ चाइना सी के पास मरीन मिलिशिया का खतरा भी बढ़ रहा है। बढ़ते तनाव और टकराव को न केवल दक्षिण चीन सागर, बल्कि इसके आसपास के क्षेत्रों में शांति के लिहाज से भी चिंताजनक माना जा रहा है।

### 8 देशों का संयुक्त मिलिट्री अभ्यास बेहद अहम

फिलीपींस की नौसेना के प्रमुख वाइस एडमिरल टोरिबो अडासी जूनियर ने एक न्यूज रिपोर्ट में कहा, समा-समा युद्धाभ्यास के बाद क्षेत्रीय सुरक्षा के साथ-साथ अंतरदेशीय अपराधों पर नकेल कसने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि कई बड़े खतरों से मिलकर निपटने के लिहाज से 8 देशों का संयुक्त मिलिट्री अभ्यास काफी अहमियत रखता है।

### सेना तक रसद पहुंचने से रोकने का प्रयास

मीडिया रिपोर्ट में फिलीपींस और चीन के टकराव से जुड़े कई विचलित करने वाले विजुअल सामने आ चुके हैं। कई जगहों पर वॉटर कैनन के इस्तेमाल का भी दावा किया गया है। टूटे युद्धपोत वाले फिलीपींस के मिलिट्री स्टेशन तक रसद की पहुंच को रोकने की कोशिश कर रहे चीनी सैनिकों के बीच फिलीपींस का एक गोताखोर जा घुसा था।

### चीन क आरोप- टकराव फिलीपींस के कारण


फिलीपींस के तटरक्षक दल ने आरोप लगाया है कि चीनी पक्ष की तरफ से मिलिट्री ग्रेड लेजर क इस्तेमाल किया गया, जिससे उनके कई सैनिकों को आंखें गंवानी पड़ी। फिलीपींस और चीन का तनाव और टकराव कितना गंभीर है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है। दूसरी तरफ चीन का आरोप है कि तनाव के लिए फिलीपींस जिम्मेदार है।

### कितना इलाका विवादित, किन देशों का दावा

दरअसल, दक्षिण चीन सागर के विस्तृत भू-भाग पर चीन अपना दावा ठोकता है। चीन की दलील है कि दक्षिण चीन सागर के कई द्वीपों पर उसकी संप्रभुता को लेकर कोई विवाद नहीं है। जिस क्षेत्र को लेकर चीन दावा करता है, इसमें साउथ चाइना सी के अधिकांश द्वीपों के अलावा बालू वाले क्षेत्र समेत करीब 1.3 मिलियन वर्गमील क्षेत्र का इलाका कवर होता है।

# अमेरिका के पूर्वी यूटा में विमान दुर्घटनाग्रस्त, सीनेटर, पत्नी और दो बच्चों की मौत

**लॉस एंजेल्स ,03 अक्टूबर 2023।** अमेरिका के यूटा राज्य में एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से चार लोगों की मौत हो गई। ग्रैंड काउंटी शेरिफ कार्यालय के अनुसार, पूर्वी यूटा के मोआब शहर के कैन्यनलैंड्स क्षेत्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद छोटा विमान एक सुदूर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।



शेरिफ कार्यालय ने अपने फेसबुक पेज पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा, दुख की बात है कि उत्तरी डकोटा राज्य के सीनेटर डौग लार्सन, उनकी पत्नी और उनके दो बच्चे दुर्घटना में जीवित नहीं बचे।

अमेरिकी फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने एक बयान में पुष्टि की कि सिंगल इंजन पाइपर पीए-28 बीती रात स्थानीय समयानुसार करीब 8:20 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उत्तरी डकोटा के गवर्नर डौग बर्गम ने सोमवार को दोपहर में एक बयान में कहा कि वह सेनेटर डौग लार्सन, उनकी पत्नी एमी और उनके दो छोटे बेटों की हृदय विदारक मौत से बहुत दुखी हैं।

# बैंकॉक के शॉपिंग मॉल में गोलीबारी,अफरा-तफरी मची; तीन लोगों की मौत और तीन के घायल होने की खबर

**बैंकॉक, 03 अक्टूबर 2023 ।** राजधानी बैंकॉक में मंगलवार को एक बड़े शॉपिंग मॉल में गोलीबारी हुई। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई। थाईलैंड के प्रधानमंत्री ने बताया कि शूटर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस मध्य बैंकॉक के मॉल के अंदर गोलियां चलने की खबर मिलने के बाद वहां पहुंची। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में बच्चों सहित लोग सियाम पैरागॉन मॉल के दरवाजों से बाहर भागते हुए नजर आ रहे हैं। हालांकि, इन वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।




स्थानीय प्रसारक चैनल-3 ने बताया कि मॉल के एक बाथरूम से अंदर गोलियों जैसी आवाजें सुनाई दीं। थाईलैंड की प्रधानमंत्री सरेथा थाविसिन ने कहा कि वह घटना के विवरण का इंतजार कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मामले में एक 14 वर्षीय संदिग्ध शूटर को गिरफ्तार किया गया है।

महानगर पुलिस के डिटेक्टिव डिपार्टमेंट ने अपने फेसबुक पोस्ट में कहा, एक 14 वर्षीय संदिग्ध बंदूकधारी को गिरफ्तार किया गया है। सियाम पैरागॉन मॉल में हुई घटना के संबंध में उससे पूछताछ की जा रही है। आपातकालीन सेवाओं ने एक तस्वीर साझा की है, जिसमें एक पुलिस अधिकरारी फर्श पर लेटे हुए एक व्यक्ति को पकड़ रहा है और हथकड़ी लगा रहा है। थाईलैंड में बंदूक हिंसा नई बात नहीं है। पिछले साल एक पूर्व पुलिस अधिकारी ने बंदूक और चाकू से हमले में एक नर्सरी में 22 बच्चों की हत्या कर दी थी, जबकि 2020 में एक सैनिक ने कम से कम 29 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी और 57 को घायल कर दिया था।

# लोकतंत्र को मजबूत बनाने शत-प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार ने की अपील

» अब भी मौका,छूटे मतदाता निर्वाचक नामावली में जुड़वा सकते हैं नाम

» दिव्यांग एवं 80 वर्ष आयु के मतदाताओं को मिलेगी पिक एंड ड्रॉप की सुविधा, अन्य सुविधाएं भी की जा रही सुनिश्चित

– संवाददाता –
अंबिकापुर, 03 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

आगामी निर्वाचन में लोकतंत्र को मजबूत बनाने शत प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार ने अपील की है कि ऐसे मतदाता, जो अब तक मतदाता सूची में अपना नाम नहीं जुड़वा पाए हैं, उनके पास अब भी मौका है कि आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध करवाकर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि निर्वाचक नामावली हेतु फॉर्म 6 में नया नाम जोड़ने एवं फॉर्म 8 के संशोधन वाले फॉर्म नामांकन के अंतिम दिवस के 10 दिन पहले तक प्राप्त कर आवेदन नामांकन के अंतिम दिवस तक निराकृत किए जाते हैं।निर्वाचन की घोषणा होते ही नाम विलोपन यानी फॉर्म 7 की प्रक्रिया बंद हो जाती है। घोषणा के



दिन तक प्राप्त सभी फॉर्म 7 का निपटारा अगले 10 दिनों के अन्दर पूर्ण कर लिया जाता है। इसी प्रकार फॉर्म 8 के संशोधन से सम्बंधित नए आवेदनों की प्रक्रिया बंद हो जाती है एवं घोषणा के दिन तक प्राप्त ऐसे सभी आवेदनों का निपटारा अगले 10 दिनों के अन्दर पूर्ण कर लिए जाने के निर्देश हैं। इस प्रकार नामांकन के अंतिम दिन नामावली फ्रीज हो जाएगी। विलोपन एवं संशोधन का काम घोषणा के 10वें दिन बंद हो जावेगा इसलिए घोषणा होने के 10 दिन बाद मूल नामावली प्रिंट कराई जा सकती है।

डाक मतपत्र के जरिए मतदान करने वाले मतदाताओं हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से सभी निर्धारित प्रारूप एवं लिफाफे प्राप्त करने तथा दिव्यांग एवं 80. आयु के मतदाताओं से प्रारूप 12 घ हेतु निर्धारित प्रारूप में रजिस्टर तैयार करने निर्देशित किया गया है। निर्वाचन की घोषणा होते ही बूथ लेवल अधिकारियों एवं सेक्टर अधिकारियों को इससे अवगत कराकर, रजिस्टर भरवाकर, निर्धारित प्रारूप में सहमति पत्र प्राप्त करना होगा। सभी बीएलओ मतदाताओं को मतदान के दिन मतदान केंद्र में आकर मत देने प्रेरित करें। ऐसे मतदाता को पिक एंड ड्रॉप को सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्हें कतार में खड़े होकर मतदान नहीं करना होगा। उनका मतदान प्राथमिकता से पहले कराया जाएगा। साथ ही मतदान केंद्रों में व्हीलचेयर एवं रैंप उपलब्ध रहेंगे।

# ऑटो की टक्कर से बाइक सवार घायल

– संवाददाता –
अंबिकापुर, 03 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

स्कूल रोड दुकान में खरीदारी करने आए बाइक सवार को ऑटो के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार घायल हो गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम शिवपुर निवासी देव लाल सोनवानी आ. राम किशुन सोनवानी गत दिन मां दमशेत सोनवानी को जांच के लिए मिशन अस्पताल लेकर जा रहा था। इसी बीच गुरूद्वारा के समीप बाइक को खड़ा कर कर सामान खरीदने जा रहा था तभी सामने से आ रहे ऑटो क्रमांक सीजी 15 डीएन 7124 का चालक लापवारी पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार घायल हो गए। घटना की रिपोर्ट देवललाल ने कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने ऑटो चालक के विरूद्ध धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया है।

# अलसुबह सफारी स्ट्रोम में अज्ञात कारणों से लगी आग



– संवाददाता –
अंबिकापुर, 03 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

मंगलवार को अलसुबह पांच बजे केदारपुर चर्च रोड, गुदरी चौक विजय मार्ग के पास स्थित एसबीआई एटीएम के सामने गली में खड़ी अभिषेक दुबे की सफारी स्टोर्म वाहन में अचानक आग लग गई। इसकी जानकारी जैसे ही डॉयल 112 को मिली, टीम मौके पर पहुंची। यहां वाहन क्रमांक यूपी 65 ओपी 0786 में आग लगी थी। सूचना पर जिला अग्निशमन अधिकारी एसके कठुतिया के निर्देश पर दमकल वाहन क्रमांक सीजी 15 ए 9788 मय फायर टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आगजनी की घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। आग बुझाने के दौरान फायर स्टेशन प्रभारी अंजनी तिवारी, फायर चालक चन्द्र प्रताप सिंह, फायरमैन गौरव पाठक, शंकर लाल यादव, सुशील खलखो, रविन्द्र यादव सक्रिय रहे। बरसते पानी में वाहन में किन कारणों से आग लगी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। इसे शरारती तत्वों की करतूत से भी जोड़कर देखा जा रहा है।

# सपनों को मिलेगी नई उड़ान,मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का किया शुभारंभ,छात्रों को उज्जवल भविष्य की दी शुभकामनाएं...

– संवाददाता –
अंबिकापुर, 03 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंगलवार को स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का शुभारंभ किया। जेईई व नीट के प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विद्यार्थी अब निशुल्क तैयारी कर सकेंगे। मुख्यमंत्री बघेल ने राजधानी रायपुर के अपने निवास कार्यालय से वर्चुअल माध्यम से इस योजना का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल और स्कूल शिक्षा मंत्री श्री रविन्द्र चौबे के समक्ष स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना संचालन के लिए स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम एवं ऐलन कैरियर कोचिंग इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।




जिले के सभी विकासखण्ड में स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना के तहत निशुल्क कोचिंग संचालित किए जाएंगे। इस कोचिंग योजना के लिए अभी तक जिले में हिन्दी माध्यम के 380 छात्रों एवं अंग्रेजी माध्यम के 56 छात्रों ने पंजीयन कराया है। शासन द्वारा संचालित निशुल्क कोचिंग योजना से विद्यार्थियों के सपनों को नई दिशा मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने वर्चुअल माध्यम से जिले की मेंड्रा कला शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा उषा राजवाड़े से बात की। छात्रा ने बताया कि वे इंजीनियरिंग करना चाहती हैं लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने की वज़ह से वो महंगे कोचिंग संस्थान में दाखिला नहीं ले सकती थी, लेकिन शासन द्वारा निशुल्क कोचिंग योजना की शुरुआत ने उनके सपने को पूरा करने का हौसला बढ़ा दिया। उषा ने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री श्री बघेल को धन्यवाद देते हुए आभार जताया। तो वहीं मुख्यमंत्री ने सभी छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी

स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना के लिए पात्र होने के लिए कक्षा दसवीं में 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं और कक्षा 12वीं में अध्यनरत छात्रों को कोचिंग दी जाएगी। विद्यार्थी को संबंधित विकासखंड, शहर के शासकीय स्कूलों में कक्षा 12 वीं का नियमित विद्यार्थी होना अनिवार्य होगा। विकासखंड मुख्यालय की स्कूलों में कक्षा 12वीं में जीव विज्ञान और गणित संकाय में अध्ययनरत विद्यार्थी ही इस योजना के लिए पात्र होंगे।

प्रत्येक कोचिंग सेंटर में 75 से 100 विद्यार्थियों का प्रवेश दिया जाएगा। इसमें प्री-मेडिकल तथा प्री-इंजीनियरिंग के लिए अधिकतम 50-50 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। प्रदेश के विकासखण्ड और शहरों सहित 150 कोचिंग सेंटर के माध्यम से निशुल्क कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यह सुविधा राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रदान की जाएगी।

विधानसभा निर्वाचन 2023

# जिले के प्रकाशकों, मुद्रकों, बैंकर्स, केबल ऑपरेटर्स तथा पेट्रोल पंप संचालकों के बैठक सह प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

» आदर्श आचार संहिता का करना होगा शत-प्रतिशत पालन

» फ्लेक्स, पम्पलेट, बैनर, पोस्टर के मुद्रण में मुद्रक, प्रकाशक का नाम, प्रकाशित होने वाली सामग्री की संख्या अनिवार्य रूप से हो मुद्रित

– संवाददाता –
अंबिकापुर, 03 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिले में निर्वाचन से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रकाशकों, मुद्रकों, बैंकर्स, केबल ऑपरेटर्स तथा पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक सह प्रशिक्षण आयोजित की गई। इस दौरान विधानसभा निर्वाचन 2023 के प्रशिक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी नगर निगम आयुक्त अभिषेक कुमार तथा अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक, अपर कलेक्टर टी सी अग्रवाल उपस्थित थे।





इस दौरान मुख्य प्रशिक्षक डॉ राजकमल मिश्रा एवं डॉ एस एन पांडे के द्वारा भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त दिशा निर्देश के बारे में बैंक प्रबंधकों को जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान बताया गया कि प्रत्येक अभ्यर्थी को पृथक से निर्वाचन के लिए चालू खाता खोला जाना होगा। साथ ही मुद्रक एवं प्रकाशकों को विधानसभा निर्वाचन से संबंधित कोई भी फ्लेक्स, होर्डिंग, पम्पलेट, बैनर ,पोस्टर आदि मुद्रित किए जाने पर मुद्रक, प्रकाशक का नाम, प्रकाशित होने वाली सामग्री की संख्या अनिवार्य रूप से मुद्रित किया जाना है। मुद्रण के पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जाना होगा कि उक्त आदेश अभ्यर्थी के द्वारा ही प्रकाशन के लिए प्रेषित किया गया है। केबल ऑपरेटर को भी निर्देशित किया गया कि कोई भी विज्ञापन प्रसारित करने के पूर्व सूचना जिला निर्वाचन कार्यालय को दिया जाना होगा, केबल ऑपरेटर अपने यहां के केबल से किसी भी प्रकार के राजनीतिक विज्ञापन के प्रसारण से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि उसका जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति द्वारा निर्धारित प्रारूप में पहले से अनुमति ली गई हो। अनुमति के पश्चात ही अभ्यर्थी अथवा राजनीतिक दलों के राजनीतिक विज्ञापनों का प्रसारण कर सकते हैं। हर स्थिति में निर्वाचन आयोग द्वारा लागू की गई आदर्श आचार संहिता का पालन किया जाना चाहिए। पेट्रोल पंप संचालकों को भी निर्वाचन आयोग के निर्देश से अवगत कराया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी जे आर प्रधान, जिला मिशन समन्वयक रवि तिवारी, जिला परियोजना अधिकारी गिरीश गुप्ता एलडीएम विकास गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# सरगुजा जिला पंचायत उपाध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेस नेता आदित्य शरण सिंहदेव को कोरिया जिला आगमन पर विधायक गुट ने अपने पोस्टर में नहीं दिया स्थान






### युथ कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव के स्वागत कार्यक्रम में अलग-अलग हुई थी तैयारी,विधायक गुट ने वहीं युथ कांग्रेस संगठन अलग-अलग तरीके से किया स्वागत

युथ कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर पलक वर्मा का कोरिया जिला दौरा भले ही संगठन को युवाओं को ऐन चुनाव के वक्त संगठित करने उनमें ऊर्जा भरने के उद्देश्य से जुड़ा हुआ था लेकिन जो कुछ उनके दौरे के दौरान देखा गया वह अंदरूनी गुटबाजी,संगठन और सत्ता की आपसी खींचतान से ज्यादा कुछ नजर नहीं आया जो चर्चा में भी शामिल है आज तक लोगों के। स्वागत के लिए अलग अलग शक्ति प्रदर्शन किया गया,विधायक गुट ने अलग स्वागत किया संगठन ने अलग तैयारी की और स्वागत किया। वहीं कार्यक्रम जो उद्बोधन का था उसमे भी सत्ता संगठन की खींचतान नजर आई जो देखने सुनने को मिला। संगठन ने जहां राष्ट्रीय सचिव युथ कांग्रेस के साथ पहुंचे सरगुजा जिला पंचायत उपाध्यक्ष का भी सम्मान रखा उन्हे पोस्टर बैनर में स्थान दिया वहीं विधायक गुट ने इससे परहेज रखा और पोस्टर बैनर से आदित्य शरण सिंहदेव का एक तरह से बहिष्कार किया। विधायक गुट ने वाहन रैली अलग से निकाली जो चरचा के करीब से निकली वहीं पहले स्वागत की व्यवस्था विधायक गुट ने कर रखा था वहीं युथ कांग्रेस का जिला संगठन साथ ही कांग्रेस पार्टी संगठन के अधिकांश नेताओं ने स्वागत के लिए अलग तैयारी की थी और अलग से संख्या बल भी एकत्र किया था,वैसे संख्या बल के मामले में संगठन ने साबित किया था की उसकी पकड़ सत्ता से असहयोग के बावजूद कार्यकर्ताओं पर ज्यादा है और वह कार्यकर्ताओं के बीच अपनी बेहतर पैंठ बिना सत्ता सहयोग के भी रखते हैं।

### विधायक गुट ने आदित्य शरण सिंहदेव को पोस्टर में नहीं दिया स्थान,क्या यह सरगुजा जिला पंचायत उपाध्यक्ष का एक तरह से बहिष्कार था?

कोरिया जिले में युथ कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव के आगमन पर उनके साथ जिला पंचायत उपाध्यक्ष सरगुजा आदित्य शरण सिंहदेव भी उपस्थित रहेंगे उनके साथ वह उनके साथ ही आने वाले है यह जानकारी सभी को थी भले ही सत्ता की बात हो या संगठन की,संगठन ने स्वागत बैनर पोस्टर में दोनो को स्थान दिया था लेकिन विधायक गुट ने आदित्य शरण सिंहदेव को पोस्टर बैनर में स्थान नहीं दिया था जो चर्चा का विषय बन चुका है। अब सवाल यह उठता है की क्या एक तरह से विधायक गुट ने आदित्य शरण सिंहदेव के जिले आगमन का बहिष्कार किया था?

- सरगुजा जिला पंचायत उपाध्यक्ष व कांग्रेस नेता आदित्य शरण सिंहदेव को कोरिया जिला आगमन पर विधायक गुट ने अपने पोस्टर में नहीं दिया स्थान
- यूथ कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर पलक वर्मा के साथ कोरिया जिला पहुंचे थे आदित्य शरण सिंहदेव
- विधायक गुट ने शिवपुर चरचा में किया था राष्ट्रीय सचिव युथ कांग्रेस का स्वागत,पोस्टर भी लगवाया था
- विधायक गुट के पोस्टर से आदित्य शरण सिंहदेव की फोटो नदारत थी,वहीं युथ कांग्रेस ने अपने पोस्टर में उन्हे दिया था स्थान
- क्या पोस्टर में अपने ही दल के नेता को स्थान न देना उनके जिला आगमन का विरोध प्रदर्शित करने का प्रयास था?
- आदित्य शरण सिंहदेव हैं टी एस सिंहदेव परिवार से क्या यही वजह थी विधायक गुट द्वारा उनकी तस्वीर पोस्टर में नहीं लगवाने की?
- क्या बैकुंठपुर विधायक ने टी एस सिंहदेव से बना ली है दूरी,क्या दोनो राज परिवारों में अब नहीं हैं पहले जैसे संबंध?
- आदित्य शरण सिंहदेव का फोटो विधायक गुट के पोस्टर से गायब होने को लेकर लोग यही लगा रहे हैं कयास, विधायक अब टी एस सिंहदेव गुट से अलग

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,03 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।
कोरिया जिले में हाल ही में यूथ कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव का आगमन हुआ था और उन्होंने संगठन की अनिवार्य बैठक चुनाव के मद्देनजर ली थी वहीं उनके साथ इस दौरान जिले के प्रवास पर सरगुजा जिला पंचायत के उपाध्यक्ष साथ ही कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता आदित्य शरण सिंहदेव भी पहुंचे थे और दोनो की ही उपस्थिति में यूथ कांग्रेस की बैठक संपन्न हुई थी। डॉक्टर पलक वर्मा यूथ कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव हैं और संगठन को चुनाव के समय तैयार रहने के निर्देश के साथ वह कोरिया जिला पहुंची थीं, उन्होंने जिले में युवाओं की बैठक ली जो राजीव भवन के सभाकक्ष में संपन्न हुई, जिसके आयोजन में जिले का युथ कांग्रेस सक्रिय रहा और सभी ने मिलकर एक अच्छी संख्या इकट्ठा की और बैठक संपन्न बनाया। कोरिया जिले में युथ कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर पलक वर्मा का आगमन और युवाओं के साथ यूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ताओं के साथ उनकी बैठक के दौरान कुछ और बातें सामने निकलकर बाहर आई थीं जिसमे उनके पूरे कार्यक्रम के दौरान शहर की बिजली गुल रही, युथ कांग्रेस प्रदेश पदाधिकारी एवम पूर्व जिलाध्यक्ष युथ कांग्रेस कोरिया से विधायक की गर्मा गर्म बहस ऐसे कई मामले उस दिन सामने आए जिसने कार्यक्रम को चर्चा का विषय बना दिया जिसकी चर्चा आज तक जारी है। वहीं अब एक नया मामला उस दिवस का समाने आया है जिसके अनुसार बताया जा रहा है की डॉक्टर पलक वर्मा राष्ट्रीय सचिव युथ कांग्रेस जब कोरिया जिले के दौरे पर अपने निर्धारित कार्यक्रम अनुसार पहुंची थीं तब उनके साथ सरगुजा जिला पंचायत उपाध्यक्ष साथ ही वरिष्ठ कांग्रेस नेता आदित्य शरण सिंहदेव भी मौजूद थे वहीं इस दौरान दोनों का स्वागत भी युथ कांग्रेस पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने किया जिसके लिए बैनर पोस्टर की भी व्यवस्था की गई थी,बैनर पोस्टर दो अलग अलग गुटों ने लगवाया था यह बात अभी जाकर सामने आई है जब इस बात की भनक लोगों को लगी है खासकर आदित्य शरण सिंहदेव को चाहने वालों को जब इसका पता चल सका,युथ कांग्रेस के बैनरों में सभी को स्थान दिया गया था जिसमे राष्ट्रीय सचिव के साथ जिला पहुंचने वाले आदित्य शरण सिंहदेव की भी तस्वीर लगी हुई थी वहीं विधायक गुट बैकुंठपुर ने अलग से पोस्टर बनवाया था जिसमे उन्होंने आदित्य शरण सिंहदेव को स्थान नहीं दिया था जिसको लेकर ही अब बात समाने आ रही है।

ऐसा क्यों किया गया आदित्य शरण सिंहदेव को पोस्टर में स्थान क्यों नहीं दिया गया इस विषय में जब जानने की कोशिश की गई तब यह जानकारी समाने आई की विधायक गुट की तरफ से राष्ट्रीय सचिव युथ कांग्रेस का स्वागत कार्यक्रम शिवपुर चरचा के करीब किया गया था, विधायक गुट ने वहीं स्वागत हेतु खड़ा था और वहां से ही उसने मोटर सायकल रैली या यह कहें वाहन रैली निकाली थी, वहीं विधायक गुट ने स्वागत हेतु बैनर पोस्टर भी लगवाए थे जिसमे राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर पलक वर्मा को तो स्थान दिया गया था लेकिन पोस्टर में उनके साथ ही जिला प्रवास पर पहुंच रहे सरगुजा जिला पंचायत के उपाध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेस नेता आदित्य शरण सिंहदेव को पोस्टर में स्थान नही दिया गया था। पूरे मामले में बात तब समाने आई जब इसकी भनक आदित्य शरण सिंहदेव समर्थकों को टी एस सिंहदेव समर्थकों को लगी जिन्हे यह बात नागवार भी गुजरी लेकिन उन्होंने इस विषय पर कोई टीका टिप्पणी नहीं करते हुए मामले को तुल नहीं दिया लेकिन बाद में यह बात चर्चाओं में शामिल हुई जो जारी है।

### अब बात चाहे जो भी हो लेकिन यह सवाल उठ रहा है और लोग इसको लेकर चरचा भी कर रहें हैं

टी एस सिंहदेव परिवार से हैं आदित्य शरण सिंहदेव क्या इसलिए विधायक गुट ने उन्हे पोस्टर बैनर में स्वागत वाले स्थान नहीं दिया,सवाल यह भी है- सवाल यह भी उठ रहा है की क्या आदित्य शरण सिंहदेव जो एक दिन के कोरिया जिला प्रवास पर पहुंचे थे उनको स्वागत बैनर पोस्टर में को युथ कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव के साथ पहुंचे थे और अंक स्वागत के लिए लगाए गए थे में इसलिए स्थान नहीं दिया गया क्योंकि वह टी एस सिंहदेव परिवार से हैं। पोस्टर बैनर में राष्ट्रीय सचिव की तस्वीर लगाई गई थी साथ ही बड़े नेताओं की भी तस्वीर लगाई गई थी वहीं आदित्य शरण सिंहदेव कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं में से एक हैं सरगुजा संभाग के वहीं वह राजपरिवार से भी हैं साथ ही वह जिला पंचायत सरगुजा के निर्वाचित सदस्य एवम उपाध्यक्ष हैं ऐसे में उनकी तस्वीर पोस्टर बैनर से जब नादरत देखी गई कोरिया जिला आगमन पर उनके तब सवाल उठने लगे।

### क्या विधायक की टी एस सिंहदेव से बढ़ चुकी है दूरी,क्या इसलिए आदित्य शरण सिंहदेव को पोस्टर बैनर में विधायक गुट ने नहीं दिया स्थान?

बैकुंठपुर विधायक गुट ने युथ कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव पलक वर्मा के स्वागत के लिए जो बैनर पोस्टर लगवाए थे उसमे आदित्य शरण सिंहदेव को स्थान नहीं दिया गया था,आदित्य शरण सिंहदेव सरगुजा राजपरिवार से आते हैं,निर्वाचित जनप्रतिनिधि हैं जिला पंचायत के उपाध्यक्ष हैं सरगुजा कांग्रेस पार्टी में उनका बड़ा कद है इसके बावजूद उनको कोरिया जिले में आगमन के दौरान यह देखने को मिला की विधायक गुट के पोस्टर बैनर में उनका स्थान ही नहीं है। अब सवाल यह उठ रहा है की क्या टी एस सिंहदेव परिवार से होना ही इसकी वजह है क्या विधायक बैकुंठपुर व सरगुजा पैलेस या यह कहें टी एस सिंहदेव में आपसी दूरी बढ़ गई है। वैसे चर्चा यही है की दूरी बढ़ चुकी है और अब सरगुजा पैलेस से कोरिया विधायक बैकुंठपुर विधायक दूरी बनाकर चल रही हैं

### ऐन चुनाव के वक्त संगठन सत्ता के बीच की दिख रही यह खाई क्या चुनाव परिणाम जीत में बदल सकेगी सत्ताधारी दल के लिए

कोरिया जिला खासकर बैकुंठपुर विधानसभा में अब यह स्पष्ट नजर आ रहा है की सत्ता सहित संगठन में सत्ताधारी दल के आपसी दूरी काफी बढ़ चुकी है। चुनाव भी करीब है और आपसी खाई ज्यादा नजर आ रही है। ऐसे में सवाल यह उठता है की क्या सत्ता संगठन की इस बढ़ी हुई दूरी के बीच सत्ताधारी दल आने वाले चुनाव में एकजुट होकर जीत का मार्ग तय कर सकेगा। वैसे जिस तरह की दूरी फिलहाल आपसी नजर आ रही है मुमकिन नहीं लगता की यह संभव हो सकेगा।वैसे सत्ता संगठन की जुगलबंदी यदि संभव हो सकी तो जीत सुनिश्चित भी हो सकती है यह मानते हैं लोग।

# कांग्रेस से जोगी कांग्रेस,जोगी कांग्रेस से फिर कांग्रेस तक का सफर पूरा कर चुके एक नेता का क्या जोगी कांग्रेस से अभी भी मोह नहीं हुआ भंग?

## कांग्रेस प्रवेश कर चुके जोगी कांग्रेस नेता बिहारी लाल राजवाड़े की फेसबुक प्रोफाइल फोटो आज भी जोगी जिंदाबाद नारों से साथ है सुशोभित

## क्या कांग्रेस प्रवेश करने के बावजूद भी बिहारीलाल राजवाड़े कांग्रेस विचारधारा को नहीं कर पा रहे स्वीकार,फेसबुक प्रोफाइल फोटो देखकर यही लगाया जा सकता है अंदाजा

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,03 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।
कभी कांग्रेस पार्टी से अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत करने वाले कोरिया जिले के ग्रामीण अंचल के नेता लगातार जनपद सदस्य निर्वाचित होते आ रहे नेता बिहारी लाल राजवाड़े ने पिछले विधानसभा चुनाव के पूर्व ही कांग्रेस पार्टी को अलविदा कह दिया था और उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री के साथ जाकर उनकी पार्टी में शामिल होकर बैकुंठपुर विधानसभा से खुद को उम्मीदवार घोषित कराया था और बाद में चुनाव में वह प्रत्याशी बतौर जोगी जनता पार्टी से चुनाव लडे थे और जिसमे उन्हे हार का सामना करना पड़ा था। चुनाव में मिली हार वहीं जोगी जनता पार्टी को न मिल सकी अपेक्षित सफलता जो प्रदेश की राजनीति सत्ता हासिल करने के उद्देश्य वाली सफलता से जुड़ा



मामला था के बाद बिहारी लाल राजवाड़े ने पुनः कांग्रेस प्रवेश के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाना शुरू किया था जिसमे सत्ता में वापसी करने वाली कांग्रेस पार्टी ने उनके लिए दरवाजा लगभग ढाई से तीन वर्षो के अंतराल के बाद खोल दिया था और वह पुनः पार्टी में वापसी कर सके थे और आज वह जिला पदाधिकारी हैं। बिहारी लाल राजवाड़े ने इस तरह एक बार कांग्रेस छोड़कर कांग्रेस प्रत्याशी के विरुद्ध जाकर चुनाव लड़ा था और जब उन्हे हार का सामना करना पड़ा तब वह ज्यादा समय तक उस दल में नहीं रह सके जहां से उन्हें विधानसभा उम्मीदवार होने का मौका मिला था वहीं जहां से उन्हें बढ़ा हुआ कद मिला था। आज वह कांग्रेस पार्टी में जिला पदाधिकारी हैं साथ ही वह विधायक के सबसे करीबी हैं जिन्हे अब विधायक सबसे अधिक तवज्जो भी दे रहीं हैं वहीं उनकी सक्रियता हाल फिलहाल में कांग्रेस पार्टी के लिए बढ़ी हुई देखी जा रही है और हर मंच पर कांग्रेस के वह नजर आ रहे हैं।एक तरह से देखा जाए तो उन्होंने जोगी जनता कांग्रेस को अलविदा कह दिया है यह कहना गलत नहीं होगा यदि उनकी सक्रियता की बात की जाए तो वहीं एक जानकारी उनको लेकर यह सामने आई जो यह साबित करती है की उनकी सक्रियता कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्पण जो दिखाई दे रही है वह क्या वह बनावटी है क्या वह पुनः जोगी जनता पार्टी में वापसी कर सकते हैं।जानकारी उनके फेसबुक की है जिसमे उनकी प्रोफाइल फोटो को देखकर यह अंदाजा लगाया जा रहा है जिसमे यह माना जा रहा है की यदि उन्होंने कांग्रेस प्रवेश कर लिया है तो उनकी प्रोफाइल फोटो में आज भी जोगी जिंदाबाद के नारे और वही पार्टी का परिधान वह क्यों पहने नजर आ रहें हैं जबकि कांग्रेस पार्टी और जोगी जनता पार्टी आपस में धुर राजनीतिक विरोधी दल हैं। क्या बिहारी लाल राजवाड़े की आस्था आज भी जोगी जनता पार्टी के जुड़ी हुई है यह सवाल उनका ही फेसबुक प्रोफाइल फोटो साबित करता है।

### दल बदलते ही नेताओं द्वारा बदल ली जाती है अपनी सोशल मिडिया प्रोफाइल फोटो सहित अन्य जानकारियां,बिहारी लाल राजवाड़े के मामले में ऐसा नहीं देखने को मिला

राजनीति में कोई स्थाई मित्र नहीं होता कोई स्थाई दोस्त नहीं होता स्थाई दल के प्रति आस्था बनी रहे यह भी जरूरी नही होता वहीं किसी अन्य दल में अपनी मंशानुसार जाने की मनाही न तो जिस दल से जाना है उसके द्वारा होती है और न ही जिस दल में जाना है उसके द्वारा,बस जिस दल में जाना है उसके प्रति आस्था समर्पण साबित करना होता है दल के नियमो के प्रति झुकाव साबित करना पड़ता है फिर सब संभव हो जाता है।वहीं जब नेता एक दल से दूसरे दल में जाते हैं तो सोशल मीडिया में इसकी जानकारी भी साझा करते हैं वहीं उनके द्वारा अपनी प्रोफाइल फोटो वर्तमान पार्टी में जिम्मेदारी जैसे मामलों को पुनः बदलना पड़ता है जो वह करते भी हैं जिससे उनकी पहचान जिस दल में वह एक दल को छोड़कर जा रहे हैं उस दल से हो सके। बिहारी लाल राजवाड़े के मामले में उनका फेसबुक अकाउंट यह बताता है जिसमे प्रोफाइल फोटो जोगी जिंदाबाद के नारों से भरी नजर आ रही है उसमे दिख रहे लोग स्वयं बिहारी लाल राजवाड़े जनता जोगी पार्टी के घोषित परिधान में नजर आ रहे हैं और उसे देखकर यही कहा जा सकता है की वह जोगी जनता पार्टी के किसी नेता का ही सोशल मीडिया प्रोफाइल फोटो हो सकता है। बिहारी लाल राजवाड़े ने दल बदलने के बाद अपनी प्रोफाइल फोटो नहीं बदली यह भी देखा जा रहा है। अब सवाल यह उठता है की क्या वह अपनी पहचान जोगी जनता पार्टी से भी जोड़कर रखना चाहते हैं।

### कई दावेदारों के बावजूद जोगी जनता पार्टी ने दिया था बिहारी लाल राजवाड़े को मौका,बनाया था विधानसभा उम्मीदवार

पिछले विधानसभा चुनाव में जोगी जनता पार्टी प्रदेश में अलग से चुनाव लड़ी थी,उस समय बैकुंठपुर विधानसभा से पार्टी ने बिहारी लाल राजवाड़े को उम्मीदवार बनाया था मौका दिया था जबकि उस समय कई और बड़े नेता टिकट की दौड़ में थे टिकट मांग रहे थे। बिहारी लाल राजवाड़े चुनाव भले हार गए थे लेकिन भाजपा के विधायक की हार वहीं बने थे यह आज भी लोग मानते हैं वहीं उन्हे उस समय जोगी जनता पार्टी ने टिकट दिया था उम्मीदवार बनाया था और वह एक तरह से बड़ा अवसर प्रदान करने जैसा था बिहारी लाल राजवाड़े को भले ही वह उसे जीत में तब्दील नहीं कर सके और यही वजह हो सकती है उनकी प्रोफाइल फोटो नहीं बदले जाने के पीछे की वजह यह माना जा सकता है। वह चाहकर भी जोगी जनता पार्टी को एकदम से किनारे नहीं कर सकते क्योंकि उसी पार्टी ने उन्हें विधानसभा प्रत्याशी के योग्य माना था और इस वजह से वह प्रोफाइल फोटो नहीं बदल पा रहे हैं यह माना जा रहा है जो उनकी मजबूरी भी दर्शाती है।

### क्या बिहारी लाल राजवाड़े सोशल मिडिया से दूर रहते हैं इस वजह से नहीं गया ध्यान?

वैसे बिहारी लाल राजवाड़े सोशल मीडिया से दूर रहते हैं वह इससे अनभिज्ञ हैं यह भी मानना मुश्किल है क्योंकि वह लगातार सोशल मीडिया में सक्रिय रहते हैं वहीं वह फेसबुक पर भी सक्रिय रहते हैं इससे यह मानना नामुमकिन है की उन्हे अपनी प्रोफाइल फोटो को लेकर जानकारी नहीं है,वहीं उनका युवाओं के साथ भी उठना बैठना है जो सोशल मिडिया के विषय में ज्यादा जानकार होते हैं इसलिए यह भी कहना गैर मुनासिब होगा की इसकी उन्हे जानकारी भी किसी ने नहीं दी होगी क्योंकि युवा इस मामले में काफी सजग और होशियार रहते हैं और छोटी बड़ी कमियों पर निगरानी रखते हुए सचेत रहते हुए दूसरों को भी सचेत करते रहते हैं। अब उसके बावजूद नेता जी का इस मामले में मौन साधे रहना वहीं प्रोफाइल फोटो नही बदलना यह जरूर साबित करता नजर आता है की अभी जनता जोगी पार्टी से रिश्ता टूटा है पूरी तरह मोह भंग होना बाकी है।

CMYK

# जिला प्रशासन की शर्मा अस्पताल में एक बार फिर दबिश

## हो सकती है बड़ी कार्यवाही

**पहले दिन सात घंटे लगातार चली कार्यवाही में सारे आरोप प्रमाणित पाए जाने की खबर:सूत्र**

**नाबालिक आदिवासी बच्ची के 7 माह के गर्भपात करने का भी आरोप**

**पीसीपीएनडीटी एक्ट के उल्लंघन करते हुए सोनोग्राफी करने का डॉक्टर संकल्प शर्मा एवं गर्भवती महिला का डॉक्टर राकेश शर्मा के द्वारा सोनोग्राफी करने का आरोप**

**सोनोलॉजिस्ट कि नहीं है कोई डिग्री फिर भी लेटर पैड पर क्यों लिखते हैं सोनोलॉजिस्ट डॉक्टर राकेश शर्मा?**

**नगरपालिका भवन का अनुज्ञा यदि सही है तो उसमे जावक क्रमांक व भूमि के खसरा एवं रकबा का उल्लेख क्यों नहीं है?**

**सभी विभाग में पायी गई अनियमितता,तीन अक्टूबर को निरीक्षण समिति ने सौंपी है कलेक्टर कोरिया को रिपोर्ट:सूत्र**

**डॉ. राकेश शर्मा से कवरेज करने गई महिला पत्रकार को मिली धमकी**




-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,03 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

शर्मा अस्पताल के बुरे दिन शुरू हो गए हैं गंभीर व लंबी चौड़ी शिकायतों की जांच 2 अक्टूबर को तकरीबन शर्मा अस्पताल में 7 घंटे चली, सारी जांच सूक्ष्मता से की गई, जहां 2 अक्टूबर को सूचना देने के बाद प्रशासन की टीम जांच करने पहुंची थी तो वही 3 अक्टूबर को बिना सूचना दिए ही प्रशासनिक की टीम ने दविश दी,खबर लिखे जाने तक दविश देने की वजह का पता नहीं चल पाया है, पर यह जरूर बताया जा रहा है कि यहां बड़ी कार्यवाही हो सकती है, वही 3 अक्टूबर को जांच दल ने कलेक्टर कोरिया को रिपोर्ट भी सौंप दी थी, सूत्रों का मानना है कि काफी मात्रा में अनियमता पाई गई है, अब देखना यह है की कार्यवाही कब होती है और लाइसेंस जारी होता है या फिर लाइसेंस का आवेदन निरस्त किया जाता है यह बड़ा सवाल है? वहीं जांच रिपोर्ट देने के बाद दूसरे दिन फिर प्रशासन ने शर्मा अस्पताल में दविश दे दिया, शर्मा अस्पताल इस समय प्रशासनिक जांचों के दायरे में है और दायरा और भी बढ़ सकता है और सूत्रों की माने तो अस्पताल में ताला भी लग सकता है ताला ना लगे इसके लिए एक बार फिर शर्मा अस्पताल के संचालक उच्च न्यायालय की शरण ले सकते हैं, पर सवाल अभी भी यही है कि क्या बिना लाइसेंस के अस्पताल का संचालन होगा या फिर नर्सिंग होम एक्ट का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी? जानकारों का कहना है कि नर्सिंग एक्ट का उल्लंघन अपराध की श्रेणी में आता है जिस पर मामला पंजीबद्ध होना चाहिए। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार डॉक्टर शर्मा हॉस्पिटल में आज अचानक प्रशासनिक अधिकारियों एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापा मारा एवं सोनोग्राफी मशीन चेक किए जाने की खबर है, जिस प्रकार शर्मा हॉस्पिटल के द्वारा पीसीपीएनडीटी एक्ट का उल्लंघन बार-बार किए जाने का समाचार प्रमुखता से उठता रहता है और साथ ही अयोग्य डॉक्टर के द्वारा सोनोग्राफी करने का मामला इन दिनों खबरों की सुर्खियां बना हुआ है, और इस पर कोई कार्रवाई नहीं होने से प्रशासन की छवि लगातार खराब हो रही थी, इन सब के बीच कल ही लाइसेंस नवीनीकरण के आवेदन के नवीन निरीक्षण के लिए शर्मा हॉस्पिटल में लगभग 7 घंटे तक छानबीन की गई और आज अचानक पुनः छापा मार कर पीसीपीएनडीटी एक्ट की कार्रवाई कहीं ना कहीं शर्मा हॉस्पिटल के आरोपों की सत्यता की ओर इशारा करते हुए किसी बड़े कार्रवाई का संकेत करता नजर आ रहा है।


खबर का असर शर्मा अस्पताल की जांच हुई शुरू

### नर्सिंग होम एक्ट के तहत हॉस्पिटल का नहीं है पंजीयन जो की शिकायतकर्ता का आरोप है

शर्मा हॉस्पिटल नर्सिंग होम एक्ट के तहत पंजीकृत नहीं है ऐसी शिकायत की गई है शिकायतकर्ता द्वारा। शिकायतकर्ता की ही शिकायत पर शर्मा हॉस्पिटल को आठ बिंदुओ पर नोटिस जारी किया गया था और जवाब मांगा गया था जिसके बाद हॉस्पिटल संचालक ने उच्च न्यायालय का रुख किया था,वहीं इस बीच हॉस्पिटल संचालक ने यह भी जवाब दिया था की उसका हॉस्पिटल पंजीयन नवीनीकरण की प्रकिया अंतर्गत पंजीयन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया हुआ है जो प्रक्रियाधीन है,उक्त संदर्भ में ही उच्च न्यायालय ने दस दिवस के भीतर हॉस्पिटल की जांच कर पंजीयन की कार्यवाही पूर्ण करने का निर्देश दिया हुआ है जिसके कारण ही 2 अक्टूबर की जांच की गई। जांच में क्या क्या कमियां सामने आई यह तो पता नहीं चल सका है लेकिन बताया जा रहा है की हॉस्पिटल में कई कमियां मिली हैं।

### दैनिक घटती-घटना शर्मा अस्पताल के संचालक को भी अपनी बात रखने का मौका देगा

दैनिक घटती-घटना खबर एक निष्पक्ष और भरोसेमंद अखबार है अभी तक शर्मा अस्पताल की लग रही खबरें शिकायतों के आधार पर प्रकाशित की जा रही थी पर शर्मा अस्पताल के संचालक को भी घटती-घटना अपनी बात रखने का मौका देगा, जिसमें उन्हें घटती-घटना के सवालों का जवाब देना होगा साथ ही डॉक्टर राकेश शर्मा की पूरी सफाई को भी प्रकाशित की जाएगी पर हिदायत यह भी है कि गलत जानकारी देने पर भी उनकी बात प्रकाशित नहीं किया जाएगा।

### शर्मा हॉस्पीटल से जुड़े कुछ सवाल

**सवाल:** क्या आपके पास अस्पताल चलाने का लाइसेंस है?

**सवाल:** क्या आपके पास जमीन का डायवर्सन है?

**सवाल:** क्या पूर्व में आपके सोनोग्राफी मशीन को सील नहीं किया गया था?

**सवाल:** क्या जमीन आपके नाम से है, यदि आपके पिताजी के नाम से है तो जब तक फौत ना चढ़े आप उस जमीन के लिए कोई आवेदन कैसे कर सकते हैं?

**सवाल:** क्या 16 फरवरी 2023 को राज्य की टीम ने आपके नर्सिंग होम में पीसीपीएनडीटी एक्ट का उल्लंघन नहीं पाया था?

**सवाल:** आपके सोनोग्राफी मशीन को जब सील किया गया था तब यह नहीं लिखित में दिया गया था कि बिना पंजीयन इसका उपयोग अवैध होगा और क्या डॉक्टर राकेश शर्मा गर्भवती महिला के सोनोग्राफी की योग्यता रखते हैं?

**सवाल:** क्या आपने अभी अपने जवाब में यह लिखकर नहीं दिया है कि आपके यहां सोनोग्राफी नहीं की जाती है?

**सवाल:** क्या डॉक्टर संकल्प शर्मा और आपके द्वारा सोनोग्राफी का वायरल रिपोर्ट वीडियो फर्जी है?

**सवाल:** क्या आपके पास कोई सोनोग्राफी की डिग्री है?

**सवाल:** क्या आपने अपने लेटर पैड में निश्चेतक विशेषज्ञ एवं सोनोलॉजिस्ट नहीं लिखवाया है जबकि आपके पास सोनोग्राफी का कोई डिग्री नहीं है?

**सवाल:** क्या आपने एईआरबी के आवेदन में अपने आप को डायग्नोस्टिक रेडियोलॉजी में प्रैक्टिस करना नहीं बताया है?

**सवाल:** क्या आपके द्वारा 21 सितंबर 2023 को डायवर्सन का आवेदन पेश नहीं किया गया है?

**सवाल:** क्या एक्स- रे एवं सीटी स्कैन के लिए आपका एईआरबी में पंजीयन है?

**सवाल:** क्या आपके यहां लैब और डायग्नोस्टिक सेंटर का वाणिज्य कर में रजिस्ट्रेशन है यदि है तो जीएसटी नंबर क्या है?

**सवाल:** क्या आपको यह पता नहीं है कि लैब और डायग्नोस्टिक सेंटर में 18 प्रतिशत का जीएसटी लगता है?

**सवाल:** क्या डॅाक्टर संकल्प शर्मा के पास कोई सोनोग्राफी करने की डिग्री है?

**सवाल:** क्या आपकी बहू डॉक्टर अपराजिता जो की एक डेंटिस्ट है सोनोग्राफी का काम नहीं करती है?

**सवाल:** क्या डॉक्टर संकल्प शर्मा के द्वारा ऑपरेशन करते समय स्वयं एनेस्थीसिया नहीं लगाया जाता है?

**सवाल:** क्या आपका निश्चेतक का छत्तीसगढ़ मेडिकल काउंसिल में पंजीयन है?

**सवाल:** क्या आप एक आदिवासी नाबालिक लड़की के 7 माह के अवैध गर्भपात के लिए उच्च न्यायालय से जमानत पर नहीं है?

**सवाल:** क्या आपको स्मार्ट कार्ड योजना के लिए निष्कासित नहीं किया गया है?

**सवाल:** क्या आपके ऊपर 304 एवं बच्चा अदला बदली का केस कोर्ट में नहीं चल चुका है?

**सवाल:** क्या कोविड के समय आपके पास शासन से कोई अनुमति नहीं होने के बाद भी आपके द्वारा इलाज नहीं किया जा रहा था? जिसमें सुनील तिवारी की मौत हो गई और न्यायिक जांच में आप दोषी पाए कर पाए गए हैं?

### हॉस्पिटल भवन के निर्माण में कोई प्रक्रिया नहीं की गई जरूरी पूरी अवैध रूप से निर्मित है हॉस्पिटल भवन यह भी शिकायतकर्ता का है आरोप

शर्मा हॉस्पितल जो तीन दशकों से भी ज्यादा समय से बैकुंठपुर में लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करा रहा है को लेकर संजय अग्रवाल ने शिकायत की है की हॉस्पिटल भवन नियमानुसार नहीं बना है,भूमि जिसपर हॉस्पिटल बना है वह व्यपवर्तित नहीं है वहीं भवन बनाए जाने हेतु न ही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से अनुज्ञा ली गई है न ही नगर एवम ग्राम निवेश से नक्सा पास है अनापत्ति मिली है न ही नगरपालिका से अनुमति अनुज्ञा है।इस तरह हॉस्पिटल भवन नगरीय क्षेत्र में अवैध रूप से निर्मित है कर की भी एक तरह से चोरी का मामला बनता है क्योंकि भवन का व्यवसायिक उपयोग भी किया जा रहा है जो भी मामला कहीं न कहीं मामले की गंभीरता दर्शाता है क्योंकि बिना अनुमति अनुज्ञा बने भवन में हॉस्पिटल का संचालन ही अवैध है। अब शिकायतकर्ता की शिकायत और हॉस्पिटल की तरफ से प्रस्तुत नवीनीकरण आवेदन को लेकर जो जांच हुई है उसमे क्या क्या कमियां पाई गई हैं क्या भवन सही में अनुमति अनुज्ञा रहित है जो हॉस्पिटल संचालन के लिए मिलने वाली अनुमति के विरुद्ध है तो कह सकते हैं बड़ी त्रुटि है विभाग की यह और ऐसे मामलो में जुर्माना भी बड़ा लगना चाहिए नगर एवम ग्राम निवेश की तरफ से।

## खड़गवां मुख्यालय में कालेज मार्ग पर निवासी जमानियां घर बना कर निवास कर रही थी कि 28 सितंबर की रात फांसी के फंदे पर झूलती हुई मिली

-संवाददाता-
खड़गवां,03 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।



खड़गवां मुख्यालय थाना से महज सात सौ मीटर की दूरी पर कालेज मार्ग में स्थित करवा निवासी जमानियां अपने मकान में निवास करती थी। सूत्रों की मानें तो इस आदिवासी युवती जिसके मकान में ही उसका शव फांसी पर लटकने जैसे सनसनी खेज मामला की खबर सामने आया है। जानकारो की मानें तो गुरुवार की रात 28 सितंबर 2023 को मृतिका की स्थिति के अनुसार और परिजनों के मुताबिक कहा गया कि मृतिका के पास ऐसी कोई दिक्कत नहीं थी की वह फांसी लगाकर आत्म हत्या करेगी । जगमानियां 32 वर्षीया जो अपने खुद के मकान में ही उसका शव फांसी मे लटकने की सनसनी मौत की खबर सामने आने से गांव के पूरे लोग स्तब्ध हैं। इस महिला का वैसे तो किसी से खास दुश्मनी नहीं थी। सूत्रों से ये जानकारी मिल रही है कि इस महिला का एक शिक्षक के साथ न्यायालय में मामला विचाराधीन बताया जाता है? वहीं उनके परिजनों ने कथित घटना के बारे में बताया गया कि मृतिका के पास ऐसी कोई गंभीर समस्या या कोई परेशानी नहीं थी, तथा मृतिका के पिता सुखई सिंह ने बताया कि 28 सितंबर गुरूवार को मृतिका (पुत्री ) के मकान के बगल की बाड़ी में हल जोताई किया था, तथा मेरी बेटी जगमतिया मुझे खाना खाने के लिए बोली। और बताई कि 10,000 रूपये निकाल कर रखी हूं। आज करमा त्यौहार है, आज मैं पैसा नहीं दूंगी, कल पैसा लेकर घर देने आऊंगी। उसी शाम को उसके मामा जगरनाथ उसके घर गया था तब शराब बना रही थी। तथा अपने मामा जगरनाथ को बताया कि करमा त्यौहार के कारण शराब बना रही हूं। और दो 5 लीटर का जारकिन में रखी थी। उसी रात जगमनिया की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटकी पाई जाने पर कई संगीन सवाल खड़ा कर रहे हैं। क्योंकि फांसी के फंदे पर लटकी मृतिका जगमनिया के शरीर का ऊपरी हिस्सा कुर्ती पूरी तरह से फटी हुई थी। वहीं दूसरे दिन 29 सितंबर शाम 7 बजे करीब जब स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर फांसी पर लटकी युवती को अंधेरे में मोबाइल के लाइट से शव को उतार कर जमीन पर लेटा दिया गया। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि जब शव को फांसी के फंदे से खोला गया छत के एंगल में चुनरी जिसमें लटकी थी एक दम डीला था। ऐसा लगता था किसी ने जल्दी में बांध कर लटका दिया था? वहीं मृत्तिका के पैर भी जमीन पर सटे हुए थे तथा घुटना भी जमीन पर हल्का मुड़ा था? इन सब स्थिति के बाद भी खड़गवां पुलिस इस मामले में गंभीर दिखाई नहीं दे रही है आखिर ऐसा क्यों ? बहरहाल इस घटना को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ एल एस उदय सिंह ने इसे गंभीर तथा संवेदन शील घटना बताया है। तथा ये भी कहा है कि किसी महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी से हुई घटना में विना पंचनामा के शव के साथ छेड़छाड़ नहीं होना चाहिए। ऐसे घटना का विरोध करते हैं और आपत्ति जताते हैं। शीघ्र न्यायिक जांच हो। निष्पक्ष जांच न होने पर कभी भी लोकहित को लेकर जनांदोलन किया जा सकता है। इस घटना के संबंध में घटनास्थल पर गये ए एस आई खड़गवां से जानकारी चाही तो उन्होंने ने कहा कि हमारे द्वारा घटना के सभी बिंदुओं पर गंभीरता से जांच किया जा रहा है।

## न्यायमूर्ति दीपक कुमार तिवारी ने जिला एवं सत्र न्यायालय सूरजपुर का किया निरीक्षण

-संवाददाता-
सूरजपुर,03 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।



माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर के माननीय न्यायमूर्ति दीपक कुमार तिवारी द्वारा गत दिवस पर जिला एवं सत्र न्यायालय, सूरजपुर का निरीक्षण किया गया, इस अवसर पर उनके साथ माननीय श्री बलराम प्रसाद वर्मा,रजिस्ट्रार विजिलेंस छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर उपस्थित थे। श्री संतोष कुमार शर्मा, न्यायाधीश परिवार न्यायालय सूरजपुर, गोविन्द नारायण जांगड़े जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सूरजपुर के साथ सूरजपुर व प्रतापपुर के समस्त न्यायाधीश गण, कलेक्टर संजय अग्रवाल व अन्य राजस्व अधिकारियों द्वारा माननीय महोदय का स्वागत पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। माननीय न्यायमूर्ति द्वारा जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर सूरजपुर में फर्स्ट ऐड क्लिनिक का शुभारम्भ किया गया, उक्त सुविधा के प्रारंभ होने से न्यायालय में आने वाले पक्षकारों, न्यायिक अभिरक्षा में पेश होने वाले बंदियों, अधिवक्ताओं एवं न्यायिक अधिकारियों कर्मचारियों को प्रत्येक कार्य दिवस में निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। इसके अतिरिक्त माननीय न्यायमूर्ति द्वारा जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर सूरजपुर स्थित नवनिर्मित लोक अभियोजक, शासकीय अभिभाषक कार्यालय एवं न्यायिक कर्मचारी संघ के नवनिर्मित कैंटीन भवन का लोकार्पण किया गया । जिला अधिवक्ता संघ के सदस्यों के अनुरोध पर माननीय न्यायमूर्ति श्री दीपक कुमार तिवारी एवं रजिस्ट्रार (विजिलेंस ) श्री वर्मा जिला अधिवक्ता संघ सूरजपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेने अधिवक्ता संघ के कक्ष में उपस्थित हुये। जिला अधिवक्ता संघ सूरजपुर के अध्यक्ष जी. एस. मिश्रा द्वारा स्वागत करते हुये स्वागत भाषण दिया गया। संघ के अध्यक्ष ने प्रमुख रूप से अपर सत्र न्यायाधीश एवं मजिस्ट्रेट की पदस्थापना करने तथा लेबर कोर्ट सूरजपुर में खोले जाने की मांग की। अधिवक्ता संघ द्वारा माननीय न्यायमूर्ति को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। मंच का संचालन सुशील निगम तथा आभार प्रदर्शन श्री निलेश साहू द्वारा किया गया ।

इस अवसर पर सूरजपुर प्रतापपुर के समस्त न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्ता संघ सूरजपुर के सम्मानीय सदस्य राजस्व अधिकारी गण के साथ साथ जिला न्यायालय सूरजपुर के समस्त न्यायिक कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## बीजेपी नेता के जन्मदिन कार्यक्रम में अश्लील डांस, पहुंची थी कई बार बालाएं

-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़,चिरमिरी भरतपुर 03 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

पूर्व विधायक और बीजेपी नेता श्याम बिहारी के जन्मदिन कार्यक्रम के दौरान बार बालाओं के अश्लील डांस का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में लोग बार बालाओं के अश्लील डांस पर नोट उड़ाते भी दिख रहे है। बताया जा रहा है कि बार बालाओं को पूर्व विधायक के जन्मदिन में पहुंचे लोगों के मनोरंजन के लिए बुलाया गया था। अब इसका वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। जानकारी के मुताबिक, वीडियो 1 अक्टूबर रविवार खड़गवां विकासखंड के बरदर ग्राम का बताया जा रहा है। कार्यक्रम में बीजेपी नेता श्याम बिहारी जायसवाल भी पहुंचे थे। हालांकि कुछ देर रहने और मंच से संबोधन के बाद वो चले गए थे। फिलहाल, वीडियो जमकर वायरल हो रहा है.।

## जनता कांग्रेस पदाधिकारी सहित 300 लोगों ने किया कांग्रेस प्रवेश

### विधायक जयसिंह अग्रवाल ने सभी नए सदस्यों का किया स्वागत

-संवाददाता-
कोरबा,03 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।



प्रदेश के राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के समक्ष जनता कांग्रेस के दर्री ब्लॉक अध्यक्ष सहित 300 लोगों ने कांग्रेस प्रवेश किया जिन्हे कांग्रेस का गमछा पहनाकर स्वागत किया गया। दर्री क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल द्वारा कराए गए विकास कार्यो एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और कांग्रेस की रीति नीति से प्रभावित होकर जनता कांग्रेस की दर्री ब्लॉक से शफीला कंवर, चंद्रभूषण कंवर, सचिव जनता कांग्रेस रामकुमार वर्मा ने अपने साथियों के साथ लगभग 300 लोगों के साथ कांग्रेस प्रवेश किया। कांग्रेस में शामिल होने वालों में मनोहर सिंह कंवर, जगदीश यादव, राजू केसरवानी, संत लाल कंवर, फूल सिंह कंवर, दयाराम कंवर, दुबराज सिंह कंवर, सुमित्रा कंवर, चन्द्रिका कंवर, बालकुमार, परमेश्वरी कंवर, वहीदा बेगम, गीता कंवर, कावेरी कंवर, सुशीला परेरा, कुन्ती कंवर, गायत्री कंवर, गंगा कंवर, जमुना कंवर, हरी कंवर, मधुकर खुंटे, देवेन्द्र ठाकुर, विशाल चेलकर, राजकुमार, सोनू केसरवानी, ओमप्रकाश यादव, सोनू साहू, रामकुमार साहू, संजय साहू, रिंकू रजक, दौलत रजक, संतोष साहू, मनीष तिवारी, जगदीश यादव, फुलसिंह, चमरा सिंह, राकेश कंवर, शीतला कंवर, राजकुमार कंवर, सरोज प्रधान, विनोद जोशी, प्रकाश जोशी, संजय विश्वास, रेखा चंद, मनोहर सहित अन्य अनेकों सदस्य शामिल थे।

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अम्बिकापुर,जिला सरगुजा,छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0 /.../अ-2/2022-23

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गीता चौधरी पत्नी कृष्णा कुमार जाति हरिजन ग्राम/नगर सुखरी तहसील अम्बिकापुर जिला - सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम सुखरी तहसील अम्बिकापुर खसरा नंबर 996/14 रकबा 0.121 हे0 में से 0.040 हे0 भूमि को कृषि भिन्न, आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि बी-1, खसरा, नक्शा, पंचायत प्रस्ताव, सेटलमेन्ट, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएवं उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 12/10/2023 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अम्बिकापुर

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अम्बिकापुर,जिला सरगुजा,छ0ग0**

रा.प्र.क्र. /.../अ-2/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनुपा लकड़ा पत्नी विनोद कुमार लकड़ा जाति उरांव निवासी देवगढ़ तहसील अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम देवगढ़ तहसील अम्बिकापुर खसरा नंबर 602/2,602/4 रकबा 0.020,0.08 हे0 भूमि को कृषि भिन्न, आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि बी-1, खसरा, नक्शा, पंचायत प्रस्ताव, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएवं उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 16/10/2023 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अम्बिकापुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-02 जिला-सरगुजा,(छ0ग0)**

रा0प्र0क्र0202308021700040/अ-27/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विद्याशंकर आ0 जयनंदन, निवासी ग्राम चठिरमा, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा ग्राम चठिरमा स्थित भूमि खसरा नंबर 109/1, 256/1, 266 रकबा क्रमशः 0.020, 0.030,0.040 हे0 भूमि का अपने जीवनकाल में ही अपने वैध उत्तराधिकारियों अनावेदक राजेश कुमार कश्यप आ0 विद्याशंकर, व अन्य 04 के मध्य विभाजन किये जाने हेतु छ0ग0 भू-राजस्व संहिता की धारा 178 (क) के तहत् प्रस्तुत आवेदन ऑनलाईन नामांतरण पंजी के माध्यम से बंटवारा की कार्यवाही हेतु प्रस्तुत किया गया था। कार्यवाही के दौरान साक्ष्म की आवश्यकता प्रतित होने के कारण विधिवत बंटवारा हेतु राजस्व न्यायलय ई-कोर्ट के माध्यम से दर्ज कर कार्यवाही प्रारंभ किया गया है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 25/10 / 2023 तक इस न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 22/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-02

# 2023 में कौन बनेगा वर्ल्ड कप का चैंपियन

## भारत,पाकिस्तान,ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड फैवरेट्स, बुमराह पर होगी सबकी नजर

**नई दिल्ली,03 अक्टूबर 2023।** एक लंबे इंतजार के बाद वर्ल्ड कप फिर से भारत में होने जा रहा है। 10 अलग-अलग टीम ट्रॉफी के लिए मैदान में भिड़ेंगी लेकिन चैंपियन कोई एक होगा। दैनिक भास्कर की खास सीरीज इंडिया का वर्ल्ड कप कनेक्शन में क्रिकेट एक्सपर्ट अयाज मेमन से जानेंगे कि दूसरी टीमों की तैयारी कैसी है? उनके कैप्टन्स का रोल क्या हो सकता है? एक्सपर्ट के मुताबिक इस बार मुकाबला काफी तगड़ा होने वाला है। 10 टीम में से 6 से 7 टीम ऐसी हैं, जिनमें से कोई भी विनर हो सकता है। अगर चार टॉप टीम की बात करें तो सबसे पहले नंबर पर इंडिया होगी क्योंकि होम एडवांटेज है, टैलेंट भी भरपूर है। इसके अलावा पाकिस्तान जिनके पास बेहतरीन फास्ट बॉलिंग अटैक है। ऑस्ट्रेलिया जो वर्ल्ड कप की सबसे सफल टीम है, इसके अलावा डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड भी इस बार कमाल कर सकती है। जिनके पास कई ऐसे प्लेयर हैं, जो टूर्नामेंट के दौरान कमाल कर सकते हैं। पाकिस्तान को छोड़कर बाकी सभी टीमों के खिलाड़ी ऐसे हैं, जिनको भारतीय पिच का अंदाजा है। खासकर खेलने के चलते इन्हें भारतीय कंडीशन के बारे में पता रहेगा। वहीं पाकिस्तान लंबे अरसे के बाद भारत खेलने आ रही है, जिन्हें टैलेंट से ज्यादा टेंम्प्रामेंट पर फोकस करना होगा। होम टीम के चलते जहां भारत को सपोर्ट भरपूर मिलने वाला है लेकिन इसका एक नुकसान ये भी है कि प्रेशर भी उतना ही ज्यादा होने वाला है।



### अलग-अलग टीमों के कैप्टन्स की स्थिति कैसी है?

एक्सपर्ट के मुताबिक कैप्टन्स का रोल काफी अहम होने वाला है। अगर कैप्टन प्रेशर में आ गया, वो खुद परफार्म नहीं कर पा रहा है, तो ऐसे में पूरी टीम का मनोबल गिर जाता है। वर्ल्ड कप इतिहास पर नजर डालें तो कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। 1975 में क्लाइव लॉयड से लेकर 83 में कपिल, 92 में इमरान खान, 2003 में रिकी पोंटिंग या फिर 2011 में धोनी। कप्तान की अप्रोच हर बार खास रही है। कप्तान ही नहीं, टीम के बड़े खिलाड़ी जिन्हें बिग ओकेशन प्लेयर कहते हैं। उनका खेल भी काफी खास हो जाता है।

### विराट कोहली क्या भारत के लिए बड़े प्लेयर हो सकते हैं?

अयाज मेमन के मुताबिक हर टीम ये चाहती है कि उनके सभी प्लेयर बड़े परफार्मेंस के साथ टूर्नामेंट में उभरें। इस बार ऐसा कुछ दिख भी रहा है। सारी टीम अपने आप में काफी मजबूत दिख रही हैं। इससे भी खास ये होगा कि वर्ल्ड कप के लिहाज से कौन सी टीम अपने आप को पहले एडजस्ट कर पाती है। प्लेइंग 11 जितनी जल्दी सटीक बैठ जाएगा, टीम उतना ही बेहतर परफार्म कर पाएगी।

### इस बार क्या 300+ स्कोर देखने को मिलेगा?

क्रिकेट जैसे-जैसे आगे बढ़ा है, बड़े स्कोर और उन्हें चेज करने का दायरा भी बढ़ता गया है। 1983 में जहां भारत 183 पर ऑलआउट हो गया लेकिन फिर भी भारत ने मैच जीत लिया। पहले 50 ओवर में 250, 260 बनाकर आप खुश हो सकते थे, लेकिन आज 300, 350 बनाकर भी हार का डर सताने लगता है।

### इंडिया की अलग-अलग पिच पर क्या हाल होगा?

अयाज मेमन के मुताबिक भारत में कंडीशन हर पिच अलग होगी। जो माहौल मोहाली में मिलेगा, वो वानखेड़े या लखनऊ में नहीं रहेगा। इन कंडीशन को ध्यान में रखकर ये कहा जा सकता है कि अगर आप 300 नहीं बना पाए तो प्रॉब्लम है। इसकी वजह है अलग-अलग टीम में बल्लेबाजी की डेप्थ। ऑस्ट्रेलिया हो या इंग्लैंड इनके खिलाड़ी 9-10 नंबर तक भी बल्लेबाजी करते हैं।

### कौन से ऐसे भारतीय चेहरे हैं, जिन पर दूसरी टीमों की नजर होगी?

एक्सपर्ट के मुताबिक भारतीय टीम के दो बड़े खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली पर सबकी नजर होगी। हार्दिक पांड्या एक्स फैक्टर हो सकते हैं। इसके अलावा जसप्रीत बुमराह की वापसी कई टीम की नींद उड़ा सकती है। हालांकि, भारतीय टीम में विकेटकीपर को लेकर अभी भी स्थिति उतनी बेहतर नहीं दिखती, इस पर टीम को बेहतर प्लानिंग करनी होगी।




# सेमीफाइनल में टीम इंडिया की एंट्री

### नेपाल की टीम हुई बाहर

**हांगझोऊ,03 अक्टूबर 2023।** हांगझोऊ में जारी एशियन गेम्स 2023 की क्रिकेट स्पर्धा में भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में एंट्री कर ली है। टीम इंडिया ने सीधे क्वॉर्टर फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था और अपने पहले नॉकआउट मैच में नेपाल की टीम को मात दी। क्वॉर्टर फाइनल मैच में भारतीय टीम की तरफ से यशस्वी जायसवाल ने शतक लगाया और 23 रन से नेपाल के खिलाफ जीत दर्ज की। वहीं सेमीफाइनल का मुकाबला 5 अक्टूबर को खेला जाएगा।

इस मैच की बात करें तो भारतीय टीम के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी थी। भारत को अच्छी शुरुआत मिली और टीम ने पहला विकेट 100 रनों का आंकड़ा पार करने के बाद गंवाया। उस समय कप्तान गायकवाड़ अपना विकेट गंवा बैठे थे। इस दौरान उन्होंने 23 गेंदों में 25 रन बनाए। हालांकि, उनके साथ ओपनिंग पर उतरे यशस्वी जायसवाल अलग ही रंग में रंगे नजर आए उन्होंने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए अपना शतक ठोका।




बता दें कि, यशस्वी ने 22 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। जिसके बाद 48 गेंदों में उन्होंने शतक भी लगाया। वे 49 गेंदों में 8 चौके और 7 छक्कों की मदद से 100 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद रिंकू सिंह ने 15 गेंदों में 37 रन और शिवम दुबे ने 19 गेंदों में 25 रन बनाए। दूसरी तरफ नेपाल की टीम ने 203 रनों के जवाब में महज 179 रन ही बनाए। और 23 रनों से हारने के बाद उनका टूर्नामेंट में सफर खत्म हो गया।

फिलहाल, भारतीय टीम इस जीत के साथ ही सिल्वर मेडल की दावेदार बन गई है। लेकिन सेमीफाइनल हारने पर भी टीम को ब्रॉन्ज मेडल मैच में खेलने का मौका मिलेगा। हालांकि, भारतीय टीम चाहेगी कि महिला टीम की तर्ज पर गोल्ड मेडल देश को जिताए। वहीं सेमीफाइनल में भारत का सामना किस टीम से होगा ये आने वाले समय में पता चलेगा।

# लवलीना को पेरिस ओलंपिक का कोटा,प्रीति ने कांस्य जीता


**हांगझोऊ,03 अक्टूबर 2023।** विश्व चैम्पियन लवलीना बोरगोहेन (75 किलो) ने एशियाई खेलों में फाइनल में पहुंचकर ओलंपिक कोटा हासिल कर लिया जबकि युवा मुक्केबाज प्रीति पंवार को 54 किलो सेमीफाइनल मुकाबले में हारने के बाद कांस्य से संतोष करना पड़ा। तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना ने सेमीफाइनल में एशियाई चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता थाईलैंड की बेसन मानिकोन को सर्वसम्मति से लिये गए फैसले में हराया। लंबे कद का पूरा फायदा उठाते हुए लवलीना ने शानदार मुक्के लगाये। पहले दौर में पिछड़ने के बाद उनकी प्रतिद्वंद्वी ने आखिरी तीन मिनट में वापसी की कोशिश की लेकिन कामयाबी नहीं मिली। दूसरी ओर ओलंपिक कोटा हासिल कर चुकी प्रीति को मौजूदा फ्लायवेट चैम्पियन चीन की चांग युआन ने 5 . 0 से हराया।



पहले तीन मिनट में प्रीति ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए घूंसे बरसाये लेकिन बाद में लय कायम नहीं रख सकी। चीनी खिलाड़ी ने जबर्दस्त आक्रामकता दिखाते हुए उसे कोई मौका नहीं दिया। पहले दौर में पांच में से चार जज ने चीनी खिलाड़ी के पक्ष में फैसला दिया। दूसरे दौर में प्रीति ने उसका डिफेंस तोड़ने की कोशिश की। प्रीति को सिर के पीछे से मारने पर युआन को चेतावनी भी मिली। उसने आखिरी तीन मिनट में रक्षात्मक खेल दिखाते हुए जीत दर्ज की

# भारत को पुरूषों की केनोए युगल 1000 मीटर में ऐतिहासिक कांस्य

**हांगझोऊ,03 अक्टूबर 2023।** अर्जुन सिंह और सुनील सिंह सालाम ने एशियाई खेलों में मंगलवार को पुरूषों की केनोए 1000 मीटर युगल स्पर्धा में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता जो 1994 के बाद इस खेल में भारत का पहला पदक है। भारतीय जोड़ी ने 3 : 53 . 329 सेकंड का समय निकालकर तीसरा स्थान हासिल किया। एशियाई खेलों के इतिहास में केनोए में भारत का यह दूसरा ही पदक है।



भारत के सिजि सदानंदन और जॉनी रोमेल ने इससे पहले 1994 में हिरोशिमा खेलों में इसी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। उजबेकिस्तान के शोखमुरोद खोलमुरादोव और नूरिस्लोम तुखतासिन ने स्वर्ण पदक जीता जबकि कजाखस्तान के तिमोफे येमेलयानोव और सर्जेइ येमेलियानोव को रजत पदक मिला।

मणिपुर के बिष्णुपुर के रहने वाले 24 वर्ष के सुनील दूसरी बार एशियाई खेलों में उतरे हैं। वहीं 16 वर्ष के अर्जुन उत्तर प्रदेश के बागपत के रहने वाले हैं लेकिन अब उत्तराखंड के रूड़की में रहते हैं। सुनील ने कहा ,'' हम पिछली बार भी इस स्पर्धा में पदक जीत सकते थे लेकिन प्रतिस्पर्धा के दिन मेरे जोड़ीदार के बीमार हो जाने से यह नहीं हो सका।''

अर्जुन ने कहा ,'' अपने पहले एशियाई खेलों में पदक जीतना सपना सच होने जैसा है। मेरी मां बहुत खुश होगी।'' दोनों भोपाल में मुख्य कोच पीजूष बारोइ के मार्गदर्शन में अभ्यास करते हैं।

# ज्योति और अदिति सेमीफाइनल में आमने सामने

### » तीरंदाजी में भारत का पदक पक्का

**हांगझोऊ,03 अक्टूबर 2023।** मौजूदा विश्व चैम्पियन अदिति स्वामी और शीर्ष वरीयता ज्योति सुरेखा वेन्नम ने अपने अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीतकर एशियाई खेलों की तीरंदाजी स्पर्धा के महिला कंपाउंड व्यक्तिगत सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया और दोनों का मुकाबला होने से भारत का कम से कम रजत पदक पक्का हो गया। चौथी वरीयता प्राप्त अदिति ने 15 तीरों में से सिर्फ एक अंक गंवाकर फिलीपींस की अमाया अम्पारो कोजुआंको को 149 . 146 से हराया। वहीं विश्व कप पदक विजेता ज्योति ने नौवीं वरीयता प्राप्त कजाखस्तान की एडेल जेशेन्बिनोवा को 147 .




144 से मात दी।

भारतीय तीरंदाज दो व्यक्तिगत समेत आठ स्पर्धाओं में पदक के दावेदार हैं। ज्योति को अपना आदर्श मानने वाली अदिति ने अगस्त में बर्लिन में सीनियर विश्व चैम्पियनशिप में उसे 149 . 145 से हराया था।

# वर्मा और देवताले फाइनल में

### तीरंदाजी में भारत के तीन पदक पक्के

**हांगझोऊ,03 अक्टूबर 2023।** मौजूदा विश्व चैम्पियन ओजस देवताले ने परफेक्ट 150 स्कोर करके एशियाई खेलों में पुरूषों की व्यक्तिगत कंपाउंड तीरंदाजी स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गए जहां उनका सामना हमवतन अभिषेक वर्मा से होगा जिससे भारत का स्वर्ण और रजत पदक पक्का हो गया। वहीं ज्योति सुरेखा वेन्नम ने अपने सारे अनुभव का इस्तेमाल करके हमवतन अदिति स्वामी को हराकर महिला कंपाउंड व्यक्तिगत फाइनल में प्रवेश कर लिया। भारत के तीरंदाजी में तीन पदक पक्के हो गए हैं और सात अन्य स्पर्धाओं में भारतीय पदक की दौड़ में हैं। बर्लिन में दो महीने पहले सीनियर विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीतने वाले देवताले ने दक्षिण कोरिया के सातवीं वरीयता प्राप्त यांग जाएवोन को 150 .



146 से हराया। उन्होंने 15 तीर पर परफेक्ट 150 स्कोर किया। वहीं वर्मा ने दक्षिण कोरिया के शीर्ष वरीयता प्राप्त जू जाएहून को 147 . 145 से मात दी। महिला वर्ग में चार दौर के बाद एक अंक से आगे चल रही सीनियर विश्व चैम्पियन 17 वर्ष की अदिति की लय टूटी और ज्योति ने 149 . 146 से जीत दर्ज की।ज्योति को अपना आदर्श मानने वाली अदिति ने अगस्त में बर्लिन में सीनियर विश्व चैम्पियनशिप में उसे 149 . 145 से हराया था।पहले छह तीर पर दोनों ने 60 . 60 स्कोर किया लेकिन तीसरे दौर में ज्योति की लय टूटी। अदिति दस का स्कोर बनाती रही लेकिन आखिरी दौर में चूकने का उसे खामियाजा भुगतना पड़ा। अब वह कांस्य पदक के लिये खेलेगी जबकि तीसरी बार एशियाई खेलों में उतरी ज्योति की नजरें पहले स्वर्ण पर लगी होंगी। ज्योति ने 2018 में रजत और 2014 में कांस्य पदक जीता था।

# देश की पहली एयर स्ट्राइक पर बेस्ड मूवी स्काई फोर्स में नजर आएंगे अक्षय कुमार




अक्षय कुमार आने वाले दिनों में एक से बढ़कर एक फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। इन दिनों वह अपनी फिल्म मिशन रानीगंज को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं।अब अक्षय ने 2 अक्टूबर यानी गांधी जयंती के खास मौके पर अपनी नई फिल्म स्काई फोर्स का सोशल मीडिया पर ऐलान कर दिया है। उन्होंने एक टीजर जारी कर फिल्म के बारे में जानकारी दी है। आइए जानते हैं अक्षय ने अपने पोस्ट में क्या लिखा।अक्षय ने टीजर साझा कर लिखा, आज गांधी-शास्त्री जयंती के दिन सारा देश कह रहा है जय जवान,जय किसान,जय विज्ञान,जय अनुसंधान। स्काई फोर्स की अविश्वसनीय कहानी की घोषणा करने के लिए आज से बेहतर कोई दिन नहीं है। भारत के पहले और सबसे घातक हवाई हमले की हमारी अनकही कहानी। कृपया इसे प्यार दें। जय हिंद, जय भारत। उन्होंने यह भी बताया कि जियो स्टूडियोज और दिनेश विजान की यह फिल्म 2 अक्टूबर, 2024 को सिनेमाघरों में उड़ान भरेगी।यह फिल्म पाकिस्तान के खिलाफ भारत के पहले हवाई हमले में शामिल सभी जवानों की बहादुरी और देशभक्ति को दर्शाएगी। इसी के साथ भारतीय वायु सेना की सबसे बड़ी जीत का जश्न मनाएगी। भारत-पाकिस्तान के बीच 1965 की पहली बड़ी जंग देखने को मिली थी, जिसमें पाकिस्तान के मंसूबे बड़े खतरनाक थे, लेकिन भारत के आगे उसकी एक न चली। इस युद्ध में पाकिस्तान को बड़ी बुरी हार का सामना करना पड़ा था। फिल्म में यही जंग देखने को मिलेगी।फिल्म में अक्षय एक वायुसेना अधिकारी की भूमिका निभाएंगे।सूत्रों के मुताबिक, स्काई फोर्स के रूप में अक्षय को एक बड़ी हिट फिल्म मिलने वाली है। ओह माय गॉड 2 के बाद यह फिल्म उनका खोया हुआ स्टारडम वापस लाने में बड़ी मददगार साबित होगी और अक्षय एक बार फिर बॉलीवुड में बॉक्स ऑफिस के किंग बनकर उभरेंगे।अभिषेक कपूर इस फिल्म के निर्देशन की कमान संभाल रहे हैं।वीर पहाड़िया इस फिल्म से बॉलीवुड में कदम रख रहे हैं।

# फिल्म टाइगर नागेश्वर राव से रेनू देसाई का फर्स्ट लुक आया सामने



मास महाराजा रवि तेजा अभिनीत बहुप्रतीक्षित फिल्म टाइगर नागेश्वर राव 20 अक्टूबर, 2023 को एक भव्य नाटकीय रिलीज के लिए तैयार है। वामसी कृष्णा द्वारा निर्देशित, यह अखिल भारतीय फिल्म महत्वपूर्ण उत्साह पैदा कर रही है।एक रोमांचक घटनाक्रम में, फिल्म निर्माताओं ने अभिनेत्री रेनू देसाई के चरित्र पोस्टर का अनावरण किया है, जो फिल्म में हेमलता लवनम की भूमिका निभाएंगी। उनकी उपस्थिति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है और फिल्म के प्रति प्रत्याशा बढ़ा दी है।जो लोग और अधिक उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं, उनके लिए 3 अक्टूबर, 2023 को फिल्म के ट्रेलर की रिलीज के लिए अपने कैलेंडर को चिह्नित करें।फिल्म में रवि तेजा के अलावा नुपुर सेनन और गायत्री भारद्वाज मुख्य भूमिका में हैं। अभिषेक अग्रवाल आर्ट्स इस परियोजना का समर्थन कर रहे हैं, जिसमें जीवी प्रकाश कुमार संगीत तैयार कर रहे हैं। इस रोमांचक रिलीज़ पर आगे के अपडेट के लिए हमारे साथ बने रहें।

# कोई शक में पुलिस अधिकारी बनेंगे शाहिद कपूर

अपनी क्राइम थ्रिलर फिल्म ब्लडी डैडी के लिए शाहिद कपूर काफी चर्चा में रहे थे।इसके बाद शाहिद के मलयालम निर्देशक रोशन एंड्रूज के साथ एक अन्य क्राइम थ्रिलर फिल्म कोई शक के लिए हाथ मिलाने की खबर थी। लंबे समय से फिल्म के प्री-प्रोडक्शन पर काम हो रहा है।अब फिल्म को लेकर नई जानकारियां सामने आई हैं। फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होने वाली है। फिल्म में शाहिद के किरदार को लेकर भी ताजा जानकारी आई है। इस फिल्म का निर्माण सिद्धार्थ रॉय कपूर और जी स्टूडियोज कर रहे हैं। मई में जी स्टूडियोज ने इसकी घोषणा की थी।




रिपोर्ट के अनुसार, यह क्राइम थ्रिलर फिल्म पुलिस विभाग पर आधारित है। फिल्म में शाहिद एक अल्हड़, बेपरवाह पुलिसवाले की भूमिका निभाएंगे, जिसे एक हाई प्रोफाइल मामला सुलझाना है। इस मामले की तहकीकात करते हुए उसे एक बड़ी जालसाजी का पता चलता है।फिल्म में पूजा हेगड़े शाहिद के साथ नजर आएंगी।

फिल्म की स्क्रिप्ट पर लंबे समय से काम चल रहा था। अब यह पूरा हो चुका है। खबर है कि मध्य अक्टूबर से शाहिद इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर देंगे। दिसंबर तक इसकी शूटिंग खत्म करने की योजना है। इसके बाद इसे अगले साल के मध्य तक रिलीज कर दिया जाएगा।शाहिद ने पिछले साल ही इस फिल्म के लिए हामी भर दी थी, लेकिन प्री-प्रोडक्शन के काम के कारण इसकी शूटिंग शुरू नहीं हो पाई थी।

कोई शक निर्देशक रोशन एंड्रूज की पहली बॉलीवुड फिल्म है। एंड्रूज नोटबुक (2006), मुंबई पुलिस (2013) और सैल्यूट (2022) जैसी फिल्में बना चुके हैं।वह मलयालम के बेहतरीन निर्देशकों में शुमार हैं, जो 3 केरल स्टेट फिल्म पुरस्कार और 2 फिल्मफेयर पुरस्कार अपने नाम कर चुके हैं।कहा जा रहा था कि कोई शक उनकी फिल्म मुंबई पुलिस का रीमेक है, लेकिन बाद में खबरें आईं कि यह एक नई कहानी है।

कोई शक के अलावा शाहिद की अन्य फिल्में भी चर्चा में हैं।शाहिद ने पद्मावत के बाद एक बार फिर संजय लीला भंसाली से हाथ मिलाया है। इस फिल्म की शूटिंग अगले साल शुरू होगी।वह अनीस बाज्मी की कॉमेडी फिल्म एक साथ दो दो में नजर आएंगे। इस फिल्म में रश्मिका मंदाना भी नजर आएंगी।वह दिनेश विजान की एक फिल्म में कृति सैनन के साथ नजर आएंगे। फिल्म में कृति एक रोबोट के किरदार में होंगी।

चर्चा है कि शाहिद ने कोई शक के लिए अपनी फीस भी कम की है। उन्होंने कोई शक के लिए 25 करोड़ रुपये फीस ली है। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया है कि हैदर में उन्होंने मुफ्त में काम किया था।

# भारत का भाग्य बदलने में छत्तीसगढ़ की बहुत बड़ी भूमिका होगी

## आज नगरनार में भारत के सबसे आधुनिकतम स्टील प्लांट में से एक का हुआ लोकार्पण

» नगरनार इस्पात संयंत्र का लोकार्पण

» छत्तीसगढ़ के बस्तर में 27 हजार करोड़ के विकास की सौगात

**जगदलपुर,03 अक्टूबर 2023 (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नगरनार संयंत्र, रेल परियोजनाओं के शिलान्यास लोकार्पण समारोह में करीब 27 हजार करोड़ के विकास कार्यों की सौगात देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ भारत का भाग्य बदलने में बहुत बड़ी भूमिका अदा करेगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना तब सिद्ध होगा, जब हर प्रदेश, हर जिला, हर गांव विकसित हो। इस संकल्प को शक्ति देने के लिए आज यहां लगभग 27 हजार करोड़ रुपए की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। मैं आप सभी को, छत्तीसगढ़ की जनता को बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लिए फिजिकल, डिजिटल, जरूरत के हिसाब से विकास होना चाहिए। यही वजह है कि हमारी सरकार ने पिछले 9 वर्षों में इंफ्रास्ट्रक्चर पर होने वाले खर्च को बढ़ाकर इस साल 10 लाख करोड़ रुपए कर दिया है। यह पहले के मुकाबले 6 गुना ज्यादा है। यह जो आज देश में रेल, रोड, एयरपोर्ट पावर प्रोजेक्ट, गाड़ियां, गरीबों के घर, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल बना रहे हैं, इन सब में स्टील का बहुत बड़ा महत्व है। स्टील निर्माण में भारत आत्मनिर्भर हो, इसके लिए बीते 9 वर्षों में अनेक कदम उठाए गए हैं। एक बड़ा स्टील निर्माता राज्य होने के कारण छत्तीसगढ़ को इसका बहुत लाभ मिल रहा है।छत्तीसगढ़ की इस भूमिका को विस्तार देते हुए आज नगरनार में भारत के सबसे आधुनिकतम स्टील प्लांट में से एक का लोकार्पण हुआ है। यहां बनने वाला स्टील भारत की इंजीनियरिंग और तेजी से बढ़ते डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बहुत काम आने वाला है। नई ऊर्जा देने वाला है। बस्तर में जो स्टील बनेगा, उससे हमारी सेना और भी सक्षम होगी। निर्यात में भी




भारत का डंका बजेगा। नगरनार प्लांट के कारण बस्तर सहित आसपास के इलाकों के करीब करीब 50 हजार नौजवानों को रोजगार मिलेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार बस्तर जैसे आकांक्षी जिले को जिस प्रकार प्राथमिकता दे रही है, उस मिशन को भी यह स्टील प्लांट नई गति देगा। मैं इसके लिए बस्तर के छत्तीसगढ़ के नौजवानों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। 9 वर्षों में केंद्र सरकार का विशेष फोकस कनेक्टिविटी पर रहा है। छत्तीसगढ़ को भी इकोनामिक कॉरिडोर और आधुनिक हाईवे मिले हैं। 2014 से पहले की तुलना में छत्तीसगढ़ का रेल बजट करीब करीब 20 गुना बढ़ाया गया है। आज राज्य में रेलवे की कई बड़ी-बड़ी परियोजनाएं चल रही हैं। आजादी के बाद इतने वर्षों में भी अब तक छत्तीसगढ़ के ताड़ोकी को रेलवे के नक्शे में जगह नहीं मिली थी। आज ताड़ोकी को नई ट्रेन की शुरुआत मिली है। आदिवासी साथियों को सुविधा भी मिलेगी और खेती किसानी से लेकर वन उत्पादों का भी परिवहन आसान हो जाएगा। रायपुर तक डेमू ट्रेन से आना जाना आसान हो जाएगा। जगदलपुर दंतेवाड़ा रेल लाइन दोहरीकरण से आवागमन भी आसान होगा और उद्योगों की कास्ट भी कम होगी। रेलवे की सारी परियोजनाएं इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में रोजगार के नए अवसर भी बढ़ाएंगी।

उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है छत्तीसगढ़ में रेलवे ट्रैक के शत प्रतिशत विद्युतीकरण का काम पूरा कर लिया गया है। इससे रेल की स्पीड भी बढ़ेगी और छत्तीसगढ़ की हवा को साफ सुथरा करने में भी मदद मिलेगी। छत्तीसगढ़ में रेल नेटवर्क के पूरी तरह विद्युतीकरण के बाद राज्य में वंदे भारत एक्सप्रेस का भी संचालन किया जा रहा है। आने वाले वर्षों में भारत सरकार छत्तीसगढ़ के रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प करने जा रही है अमृत भारत योजना के तहत चयनित किया गया है। स्टेशनों के विकास का शिलान्यास किया जा चुका है।बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग स्टेशन के साथ ही आज जगदलपुर स्टेशन का नाम भी इसी सूची में जुड़ गया है। आने वाले दिनों में जगदलपुर स्टेशन शहर का प्रमुख केंद्र बनेगा और यहां पर यात्री सुविधाओं को उन्नत बनाया जाएगा। बीते 9 वर्षों में राज्य के स्टेशनों पर मुफ्त वाईफाई की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। छत्तीसगढ़ की जनता, हर बहन बेटी और नवजवान के जीवन को सुगम बनाने के लिए भारत सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। आज जिन परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है, उन से छत्तीसगढ़ में प्रगति की गति तेज होगी। रोजगार के नए अवसर बनेंगे और नए उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा। मैं विश्वास दिलाना चाहता हूं कि आगे भी हम इसी गति से निरंतर छत्तीसगढ़ को आगे बढ़ाते रहेंगे। भारत का भाग्य बदलने में छत्तीसगढ़ बहुत बड़ी भूमिका अदा करेगा। लोकार्पण -शिलान्यास कार्यक्रम में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन, सांसद अरुण साव भी उपस्थित रहे।

## पीएम मोदी बोले-छत्तीसगढ़ के एक भी मंत्री,मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री नहीं आए



जगदलपुर में छत्तीसगढ़ को कई सौगात देने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भूपेश बघेल सरकार पर जोरदार हमला किया। पीएम मोदी ने सरकारी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री या किसी मंत्री के नहीं आने पर तंज कसते हुए कहा कि वो उनसे आंख नहीं मिला सकते हैं, इसलिए नहीं आए। जगदलपुर में मोदी ने कहा, आज यहां बहुत बड़े और देश के आधुनिकतम स्टील कारखाने का लोकार्पण हुआ है... इतना बड़ा कार्यक्रम था लेकिन छत्तीसगढ़ के एक भी मंत्री, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री नहीं आए... इनके न आने के पीछे दो कारण है- 1) उन्हें अपनी सरकार जाने की इतनी चिंता है कि उनके पास यहां आने का समय नहीं है, सरकार बचाने में लगे हैं और 2) उन्हें पता है कि कोई आकंठ भ्रष्टाचारी मोदी से आंख नहीं मिला सकता है।

# सरकारी स्कूल के छात्रों को मिलेगी NEET और JEE की फ्री कोचिंग

## छत्तीसगढ़ के हर विकासखंड में शीघ्र खुलेंगे पीएससी और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए ऑनलाईन कोचिंग सेंटर

**रायपुर,03 अक्टूबर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले प्रतिभावान बच्चों को नीट और जेईई की फ्री कोचिंग मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रयासों से मिलेगी। सीएम बघेल ने आज स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का ऑनलाइन शुभारंभ किया।

छत्तीसगढ़ के समस्त 146 विकासखंडों सहित चार शहरों में निःशुल्क स्वामी आत्मानंद कोचिंग सेंटर खुले है। छत्तीसगढ़ के हर विकासखंड में शीघ्र खुलेंगे पीएससी और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए ऑनलाईन कोचिंग सेंटर।

समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम एवं ऐलन कैरियर कोचिंग इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर किया। हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम के छात्रों को निःशुल्क कोचिंग मिलेगी।

चार शहरों- रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और कोरबा सहित 150 कोचिंग सेंटर के माध्यम से शासकीय स्कूलों




में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी। मुख्यमंत्री बघेल और स्कूल शिक्षा मन्त्री रविन्द्र चौबे के समक्ष स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना संचालन के लिए स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम एवं ऐलन कैरियर कोचिंग इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना के संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा तैयार ब्रोशर का विमोचन किया। उन्होंने राज्य के विकासखंडों के कोचिंग सेंटर में उपस्थित बच्चों से चर्चा कर योजना के संबंध में जानकारी ली।

इस दौरान स्कूली बच्चों ने अपने बेहतर भविष्य के लिए योजना के प्रति भरपूर खुशी का इजहार करते हुए मुख्यमंत्री और स्कूल शिक्षा मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का शुभारंभ करते हुए छत्तीसगढ़ में बच्चों के कैरियर निर्माण के लिए की एक और महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि निकट भविष्य में पीएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की सर्वसुविधा युक्त बेहतर ऑनलाईन कोचिंग की व्यवस्था भी हम सभी विकासखण्डों में करेंगे।

मुख्यमंत्री ने स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह योजना बच्चों के सुनहरे भविष्य को गढ़ने में अहम साबित होगी। उन्होंने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी है कि वह हर क्षेत्र में वातावरण का निर्माण करें। इस दिशा में हमारी सरकार द्वारा सबसे पहले कृषि के क्षेत्र में वातावरण बनाया। इससे कृषकों की संख्या और कृषि क्षेत्र की रकबा तथा उत्पादन में भी वृद्धि दर्ज की गई। इसी प्रकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए गए काम का असर लोगों को दिखाई दे रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा के वातावरण के लिए हमारी सरकार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत स्कूलों के अधोसंरचना विकास के लिए बडी तादात में 1100 करोड़ रूपए की राशि का प्रावधान किया गया।

इस राशि से स्कूलों के भवन का संधारण और कक्ष तथा अतिरिक्त कक्ष सहित आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था की गई। स्कूलों में 30 हजार शिक्षकों की भर्ती शुरू कर दी है।

## बीजेपी विधायक पर लगा पैसे देकर टिकट खरीदने का आरोप



**रायपुर,03 अक्टूबर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव में अब कुछ ही दिन बचे हैं। ऐसे में दोनों पार्टियां अपनी-अपनी तैयारियों में जुट गई है। एक तरफ जहां भाजपा ने अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। वहीं कांग्रेस में अब भी मंथन का दौर जारी है। दूसरी तरफ कांग्रेस की सूची में हो रही देरी के बीच नेताओं की बयानबाजी भी शुरू हो गई है। प्रदेश के पूर्व मंत्री और भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने एक बयान में कहा कि कांग्रेस में सीट का पैसा कौन देगा इस पर चर्चा हो रही है। वहीं अब इस मामले में कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि, टिकट बेचने की परंपरा भाजपा में है। भाजपा ने 15 साल तक भ्रष्टाचार किया है। अजय चंद्राकर पिछली बार पैसा देकर टिकट लाए थे। इस बार भी अजय चंद्राकर पैसा देकर टिकट खरीदने की जुगाड़ में है। पिछली बार वे हारते हारते जीत गए। भाजपा उद्योगपतियों को टिकट दे रही है। सुशील आनंद ने आगे कहा कि हमारी पार्टी गांधीवादी गरीबों की पार्टी, कांग्रेस प्रत्याशियों के नाम मंगा रही फिर सूची की घोषणा होगी।

# ट्रेनों के रद्द होने से जनता हलाकान

» सीएम ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

» पैसेंजर ट्रेनों के यात्रियों से एक्सप्रेस ट्रेन का किराया वसूला जा रहा

**रायपुर,03 अक्टूबर 2023(ए)।** ट्रेनों के अनियमित चालन, कभी भी निरस्त किये जाने और पैसेंजर ट्रेनों के यात्रियों से भी एक्सप्रेस ट्रेन का किराया लिये जाने जैसी दिक्कतों से आम जनता को हो रही परेशानी के संबंध में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा है कि रेलवे प्रशासन द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य से गुजरने वाली अनेक लम्बी दूरी की ट्रेनों तथा स्थानीय यात्री ट्रेनों को विगत लम्बी अवधि से बिना किसी पूर्व सूचना एवं औचित्य पूर्ण कारण के निरस्त करने की कार्यवाही की जा रही है। शेष ट्रेनों के भी अत्यधिक विलम्ब से चलने के कारण राज्य के लाखों ट्रेन यात्रियों के मन में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। रेलवे प्रशासन एवं केन्द्र सरकार से अनेक बार अनुरोध करने के बाद भी हालात में कोई सुधार नहीं हो रहा है। व्यापक जनहित के इस विषय पर केन्द्र सरकार की उदासीनता से जनमानस अत्यधिक उद्वेलित है। उन्होंने लिखा कि यात्री ट्रेनों के अव्यवस्थित संचालन का मुख्य कारण राज्य के खनिजों की अन्य राज्यों को ले जाने वाली माल




गाडियों की संख्या में वृद्धि होना तथा परिचालन में उन्हें यात्री ट्रेनों की तुलना में प्राथमिकता दिया जाना है। यात्रियों के असंतोष का एक अन्य कारण यह भी है कि रेलवे द्वारा पैसेंजर ट्रेनों के यात्रियों से भी एक्सप्रेस ट्रेन का किराया वसूला जा रहा है। यात्री ट्रेनों के परिचालन में ऐसी अव्यवस्था तथा अराजकता देश के अन्य किसी प्रदेश में नहीं है। प्रदेश के इतने गंभीर मामले का इसने समय से हल नहीं निकलने से राज्य की जनता में आक्रोश एवं असंतोष बढ़ता जा रहा है।

# भाजपा से टिकट न मिलने पर सिंधी समाज में नाराजगी

**रायपुर,03 अक्टूबर 2023 (ए)।** कल जारी हुए छत्तीसगढ़ के प्रत्याशियों की सूची में सिंधी समाज से एक भी व्यक्ति का नाम न होने से समाज दुखी है।

प्रदेश भाजपा प्रभारी ओम माथुर को लिखे पत्र में सिंधी समाज के संयोक गोविंद वाधवानी ने लिखा है कि 95 प्रतिशत सिंधी समाज के लोग भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हुए हैं। ऐसे में एक भी टिकट न देना समाज को लगता है कि भारतीय जनता पार्टी ने उनका तिरस्कार कर दिया है। सिन्धी समाज के मतदाताओं की जनसंख्या 10 लाख के करीबन है ओर समाज 20 विधान सभा सीटों को प्रभावित करता है और हमारे सभी दावेदार पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता रहे है । उसके बाद भी पार्टी ने एक भी टिकट नहीं दिया इससे समाज व्यथित है। छत्तीसगढ़ के सिंधी समाज के लोग सरल एवं सीधे है। भारतीय जनता पार्टी के अलावा कभी भी उन्होंने किसी और का समर्थन नहीं किया है ऐसे में भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व सिंधी समाज को कैसे नकार सकता है, यह अभी तक उन्हें समझ में नहीं आ रहा है। कल रायपुर में सिंधी समाज के पूरे छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधियों की बैठक बुलाई गई है उसमें टिकट न देने की स्थिति में क्या किया जाना है, उसका निर्णय लिया जागा। हम पार्टी के समर्पित लोग हैं, इसलिए चाहते हैं की पार्टी एक बार पुनः विचार करें और समाज को सम्मान दें।




# कब होगा आचार संहिता और चुनाव तारीखों का ऐलान

**रायपुर,03 अक्टूबर 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्यप्रदेश, सहित पांच राज्यों में इसी साल के अंत तक चुनाव होना है। चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों के नेताओं ने तैयारी शुरू कर दी है। जैसे-जैसे चुनावी सरगर्मी बढ़ती जा रही है लोग आचार संहिता और चुनाव की तारीखों को लेकर कयास लगाने लगे हैं। इसी कड़ी में खबर आ रही है कि निर्वाचन आयोग इसी महीने के पहले या दूसरे हफ्ते में चुनाव की तारीखों का ऐलान कर सकती है। लेकिन फिलहाल हमें अधिकारिक ऐलान का इंतजार करना पड़ेगा। मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य निर्वाचन विभाग ने तैयारी लगभग पूरी कर ली है। इससे पहले मौजूदा महीने के पहले सफ्ताह में अंतिम वोटर लिस्ट का प्रकाशन कर दिया जाएगा। राज्य निर्वाचन विभाग की ओर से वोटर लिस्ट को अंतिम रूप देने और नए मतदान केन्द्र सहित अन्य चुनावी तैयारियों को पूरा किया जा रहा है। केंद्रीय चुनाव आयोग की ओर से राजस्थान सहित पांच अन्य राज्यों छत्तीसगढ, मध्यप्रदेश, तेलंगाना और मिजोरम में भी चुनाव कराए जाएंगे और इन सबकी घोषणा एक साथ ही कराई जाएगी। हालांकि चुनाव के लिए मतदान, नामांकन की अधिसूचना अलग-अलग दिन होगी। मतगणना के साथ ही नतीजे सभी राज्यों के एक ही दिन आएंगे।




# राज्य में हवाई सेवा विस्तार के लिए सीएम ने लिखा केन्द्रीय विमानन मंत्री को पत्र



» बिलासपुर से देश के प्रमुख शहरों में विमान सेवा आरंभ करने की मांग

» रायपुर-जगदलपुर-हैदराबाद के लिए अलायंस एयर से अनुबंध की अवधि तीन साल बढ़ाने पत्र

» अनुबंध बढ़ाने तथा वीजीएफ के भुगतान पर छूट प्रदान करने किया अनुरोध

» बिलासपुर-इंदौर-बिलासपुर व बिलासपुर-भोपाल-बिलासपुर विमान सेवा पुनः प्रारंभ करने का अनुरोध

**रायपुर,03 अक्टूबर 2023 (ए)।** रायपुर-जगदलपुर-हैदराबाद एयर रूट पर विमान सेवा के लिए अलायंस एयर से अनुबंध की अवधि बढ़ाने तथा बिलासपुर एयरपोर्ट से देश के प्रमुख शहरों में विमान सेवा आरंभ करने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने बंद किये गये बिलासपुर-इंदौर-बिलासपुर और बिलासपुर-भोपाल-बिलासपुर विमान सेवा पुनः आरंभ किये जाने का अनुरोध भी किया है। मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा है कि जगदलपुर विमान सेवा के चलते बस्तर को देश के पर्यटन नक्शे में आने का मौका मिला है और बस्तर की संस्कृति राष्ट्रीय पटल पर उभरी है। बिलासपुर से भी नागरिक सुविधाओं को देखते हुए प्रमुख शहरों से विमान सेवाएं आरंभ किये जाने की जरूरत है।

पत्र में मुख्यमंत्री ने लिखा है कि देश के आम आदमी को सस्ती हवाई सेवा का लाभ दिलाने के लिये सरकार द्वारा प्रारम्भ की गयी रिजनल कनेक्टिविटी योजनांतर्गत छत्तीसगढ़ में जगदलपुर व बिलासपुर एयरपोर्ट से घरेलू विमान सेवा प्रारम्भ होने से प्रदेश की जनता को सस्ती घरेलू विमान सुविधा उपलब्ध हुआ है। योजनांतर्गत विमान सेवाओं के संचालन हेतु एयरपोर्ट के विकास सहित आरसीएस विमान सेवाओं के लिये निर्धारित वायबीलिटी गॅप फण्डिंग के समयबद्ध भुगतान की जिम्मेदारियों का निर्वहन राज्य शासन द्वारा प्रतिबद्ध रूप से किया जा रहा है।

# श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन की नई दरें निर्धारित

**रायपुर,03 अक्टूबर 2023 (ए)।** श्रमायुक्त छत्तीसगढ़ द्वारा लेबर ब्यूरो शिमला द्वारा जारी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक और परिवर्तनशील महंगाई भत्ते के आधार पर विभिन्न अनुसूचित नियोजनों में कार्यरत श्रमिको के लिए एक अक्टूबर 2023 से 31 मार्च 2024 तक के लिए न्यूनतम वेतन दरें निर्धारित की गई है। यह दरें 45 अनुसूचित नियोजनों, कृषि नियोजन, अगरबत्ती नियोजन तथा तम्बाखू विनिर्माण (जिसमें बीड़ी बनाना भी शामिल है) के लिए प्रतिदिन और प्रतिमाह श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन मान की नई दरे निर्धारित की गई है। इसमें जोन 'अ' श्रमिक के अंतर्गत उच्च कुशल मजदूरों का वेतनमान 12,830, कुशल मजदूरों का 12,050, अर्धकुशल मजदूरों का 11,270 और अकुशल मजदूरों का 10,620 रूपए प्रतिमाह वेतन दरें निर्धारित की गई है। इसी तरह से अगरबत्ती उद्योग में नियोजित श्रमिको के लिए दरों में वृद्धि की गई है।

न्यूनतम वेतन की निर्धारित दरों के लागू होने पर अब अकुशल श्रमिक जोन 'अ' के लिए 10 हजार 620 रूपए, जोन 'ब' के लिए 10 हजार 360 रूपए और जोन 'स' के लिए 10 हजार 100 रूपए प्रतिमाह न्यूनतम वेतन निर्धारित किया गया है। इसी तरह से अर्द्धकुशल श्रमिको को जोन 'अ' के लिए 11 हजार 270 रूपए, जोन 'ब' के लिए 11 हजार 10 और 'स' के लिए 10 हजार 750 रूपए प्रतिमाह न्यूनतम देय होगा। इसी तरह से कुशल श्रमिको जोन 'अ' के लिए 12 हजार 050 रूपए, 'ब' के लिए 11 हजार 790 रूपए और जोन 'स' के लिए 11 हजार 530 न्यूनतम वेतन देय होगा। उच्च कुशल श्रमिको को जोन 'अ' के लिए 12 हजार 830 रूपए, 'ब' के लिए 12 हजार 570 रूपए और जोन 'स' के लिए 12 हजार 310 रूपए प्रतिमाह न्यूनतम वेतन मिलेगा। कृषि श्रमिको के लिए निर्धारित न्यूनतम वेतन अकुशल कृषि श्रमिकों के लिए प्रतिमाह 140 रूपए की वृद्धि हुई है। श्रमायुक्त ने बताया है कि एक अक्टूबर से प्रभावशील यह न्यूनतम वेतन दरें श्रम विभाग छत्तीसगढ़ शासन की वेबसाईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू.-सी जी लेबर.एन आईसी.आई एन पर भी उपलब्ध है। साथ ही श्रमायुक्त कार्यालय इंद्रावती भवन खण्ड तीन, द्वितीय तल नवा रायपुर से भी सम्पर्क कर जानकारी ली जा सकती है।



प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)